आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 06 सितंबर 2025 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-14 ■ वर्ष -41 ■ अंक-160 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 07 सितंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

## नई उड़ान भरता छत्तीसगढ़

दृष्टिकोण

संजय दुबे



छत्तीसगढ़ की सूरत इन दिनों बदलती दिख रही है। दिसंबर 2023 के सत्ता परिवर्तन के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने जिस तेजी से फैसले लिए, उसने यह संकेत दिया है कि राज्य अब केवल खनिज और कोयले की पहचान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि तकनीक, ऊर्जा और नवाचार का केंद्र भी बनेगा।

नई औद्योगिक नीति 2024–30 इसी दिशा का दस्तावेज है। इसमें ग्रीन एनर्जी, डेटा सेंटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों को विशेष प्रोत्साहन दिया गया है। नवा रायपुर में देश का पहला एआई-केंद्रित विशेष आर्थिक क्षेत्र आकार ले रहा है और सेमीकंडक्टर संयंत्र पर काम शुरू हो चुका है। दस हजार करोड़ रुपये से अधिक का यह निवेश छत्तीसगढ़ को तकनीकी कौशल आधारित अर्थव्यवस्था से जोड़ देगा।

निवेश आकर्षण में भी सरकार ने रिकॉर्ड कायम किया है। जुलाई में हुए इंडस्ट्री डायलॉग–2 में 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू हुए। इनमें जिंदल स्टील का 1.05 लाख करोड़ का प्रस्ताव सबसे बड़ा है, जबकि एसजेवीएन का 1800 मेगावॉट पम्प्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट ऊर्जा क्षेत्र की दिशा बदलने वाला है। यह निवेश न केवल उद्योगों को मजबूती देगा बल्कि युवाओं के लिए हजारों रोजगार भी खोलेगा।

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि विकास केवल कारखानों की दीवारों तक सीमित नहीं रहेगा। शिक्षा और कौशल विकास को साथ जोड़ते हुए आईआईएम और एनआईटी रायपुर के साथ करार किए गए हैं, ताकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और उद्यमिता में स्थानीय युवाओं को नई राह मिले। यह सोच बताती है कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ का युवा केवल श्रमिक नहीं, बल्कि तकनीकी नेतृत्वकर्ता बनेगा।

ऊर्जा क्षेत्र में भी नई दिशा तय की गई है। सौर ऊर्जा पर जोर बढ़ा है। बड़े पैमाने पर रूफटॉप सोलर और सौर पार्क विकसित किए जा रहे हैं, ताकि आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर राज्य बन सके।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सरकार ने कदम बढ़ाए हैं। जापान और दक्षिण कोरिया की यात्रा से कुछ अहम निवेश प्रस्ताव मिले हैं—खाद्य प्रसंस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स और ईवी चार्जिंग जैसे क्षेत्रों में। यह दौरा भले ही आरंभिक चरण में है, लेकिन इससे राज्य की वैश्विक पहचान बढ़ी है।

सड़क और आधारभूत ढांचे पर केंद्र से मिली सात हजार करोड़ की परियोजनाएँ औद्योगिक इलाकों को नई कनेक्टिविटी देंगी। वहीं पर्यटन और परिधान उद्योग से जुड़े समझौते स्थानीय कारीगरों व बुनकरों को वैश्विक बाजार तक पहुँचाने का जरिया बनेंगे।

बेशक चुनौतियाँ कम नहीं हैं—निवेश प्रस्तावों को समय पर अमल में लाना, स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देना और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना सरकार की असली परीक्षा होगी। लेकिन शुरुआती संकेत साफ हैं—साय सरकार ने निवेश और नवाचार की वह चिंगारी जलाई है, जो आने वाले दशक में छत्तीसगढ़ को मध्य भारत का औद्योगिक और तकनीकी केंद्र बना सकती है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'हमेशा दोस्त रहेंगे: ट्रंप

### रिश्तों में आई तल्खी के बीच पीएम मोदी और ट्रंप ने एक-दूसरे को सराहा

**वाशिंगटन,6 सितंबर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शुक्रवार को भारत के खिलाफ दिए गए अपने बयान पर करीब 12 घंटों के अंदर ही बैकफुट पर चले गए। उन्होंने शाम 6-7 बजे के बीच व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक सवाल पर कहा- 'मैं हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा। भारत के साथ संबंधों को रीसेट करने के लिए हमेशा तैयार हूं।' इससे पहले शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे उन्होंने सोशल मीडिया ट्रुथ पर लिखा था, 'ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। उम्मीद है उनका भविष्य अच्छा होगा।' वहीं, शनिवार को 9:45 बजे पीएम मोदी ने ट्रम्प के बयान को शेयर करते हुए X पर लिखा- राष्ट्रपति ट्रम्प की भावनाओं और हमारे संबंधों को लेकर उनके विचारों की तहे दिल से सराहना करता हूं और उनका पूर्ण समर्थन करता हूं। उन्होंने कहा- भारत-अमेरिका के बीच एक पॉजिटिव और दूरदर्शी रणनीतिक साझेदारी है। प्रेस ब्रीफिंग में ट्रम्प ने भारत और दूसरे देशों के साथ चल रही व्यापार बातचीत को अच्छा बताया, लेकिन यूरोपीय संघ (EU) के गूगल पर 3.5 अरब डॉलर का जुर्माना लगाने पर नाराजगी जताई। इसके अलावा उन्होंने साफ किया कि वे भारत के रूसी तेल खरीदने के कारण



निराश हैं। उन्होंने कहा- 'हमने भारत पर इसके लिए 50% का भारी टैरिफ लगाया है।' ट्रम्प की टिप्पणी से पहले अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने 4 सितंबर को कहा था कि ट्रम्प और PM नरेंद्र मोदी के बीच पहले की खास दोस्ती अब खत्म हो चुकी है। ब्रिटिश मीडिया LBC को दिए इंटरव्यू में बोल्टन ने ट्रम्प की नीति की आलोचना करते हुए कहा था, 'व्हाइट हाउस ने अमेरिका-भारत संबंधों को दशकों पीछे धकेल दिया, जिससे मोदी रूस और चीन के करीब आ गए। चीन ने खुद को अमेरिका और ट्रम्प के विकल्प के रूप में पेश किया है।' बोल्टन ने इसे एक बड़ी गलती है बताया था। उन्होंने कहा- 'इसे अब ठीक नहीं किया जा सकता, क्योंकि स्थिति बहुत खराब हो चुकी है।' भारत पर 50% टैरिफ लगाने के बाद से भारत और अमेरिका के बीच संबंध खराब हो गए हैं। भारत समेत बाकी देशों पर हाई टैरिफ लगाने के मामले की सुनवाई US कोर्ट में चल रही है।

### जयशंकर बोले- मोदी अमेरिका के साथ साझेदारी को खास महत्व देते हैं

पीएम मोदी की ट्रम्प को लेकर दिए प्रतिक्रिया पर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, 'पीएम मोदी अमेरिका के साथ हमारी साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं। जहां तक राष्ट्रपति ट्रम्प का सवाल है, उनके (पीएम मोदी) ट्रम्प के साथ हमेशा से बहुत अच्छे व्यक्तिगत रिश्ते रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा- फिलहाल मुद्दा यह है कि हम अमेरिका के साथ जुड़े हुए हैं। जयशंकर ने इससे ज्यादा कुछ भी कहने से इनकार किया।

## मुख्यमंत्री साय ने पूर्व प्रांत प्रचारक शांताराम को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर, 6 सितंबर**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित जागृति मंडल, पंडरी पहुँचकर छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रांत प्रचारक श्रद्धेय श्री शांताराम जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री श्री साय ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि श्रद्धेय शांताराम जी संघ के वरिष्ठ प्रचारक थे और उनका मेरे साथ गहरा आत्मीय संबंध रहा है। वे सदैव अभिभावक के समान स्नेह और मार्गदर्शन प्रदान करते रहे। उनका निधन संघ परिवार, समाज और प्रदेश के लिए ही नहीं, बल्कि मेरे लिए भी व्यक्तिगत क्षति है। मुख्यमंत्री श्री साय ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा सभी शुभचिंतकों को यह गहन दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने श्रद्धेय शांताराम जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे हमारे लिए पिता तुल्य थे। उन्होंने मदकूदीप को पुनर्जीवित कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया और अपनी विनम्रता तथा जीवन मूल्यों से सभी के आदर्श बने। संघ के वरिष्ठ प्रचारक के रूप में उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता और स्वयंसेवकों को परिवार मानकर निरंतर मार्गदर्शन किया। मुख्यमंत्री रहते हुए भी मुझे उनका स्नेह और आशीर्वाद मिलता रहा। उनके निधन से पूरा प्रदेश शोकाकुल है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री टंकराम वर्मा, श्री गजेंद्र यादव, गुरु खुशवंत साहेब, पूर्व राज्यपाल श्री रमेश बैस, राज्यसभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, राजनांदगांव सांसद श्री संतोष पांडे, विधायक सर्वश्री अनुज शर्मा एवं मोतीलाल साहू, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री अमरजीत छाबड़ा, बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, कृषि कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री चंद्रहास चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं आमजन उपस्थित थे।

### लाल किले में चोरी

**नई दिल्ली ,6 सितंबर।** राजधानी में लाल किले के पार्क में आयोजित जैन धर्म के धार्मिक अनुष्ठान से एक बेशकीमती कलश चोरी हो गया। इस कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला भी पहुंचे थे। इसी बीच उनके स्वागत के दौरान कलश मंच से गायब हो गया। पुलिस के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध की गतिविधियां कैद हुई हैं। पुलिस ने संदिग्ध की पहचान भी कर ली है और जल्द ही गिरफ्तारी की संभावना जताई है।

## दिल्ली के कई इलाकों में पानी भरा , मथुरा में कॉलोनियां डूबीं

**नई दिल्ली/ चंडीगढ़/ श्रीनगर/लखनऊ,6 सितंबर।** दिल्ली में शनिवार को भी यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मॉनेस्ट्री मार्केट, यमुना बाजार, वासुदेव घाट, निगम बोध घाट, मयूर विहार और कश्मीरी गेट समेत शहर के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात हैं। शुक्रवार को सिविल लाइंस के स्वामीनारायण मंदिर परिसर में 5 फीट तक पानी भर गया था। उत्तर प्रदेश के मथुरा में 20 से ज्यादा कॉलोनियों में यमुना का पानी घुस गया है। आगरा में ताज महल की बाउंड्री तक यमुना का पानी पहुंच गया है। इसके पीछे बना पार्क डूब गया है। शुक्रवार को शहर में तेज बारिश से 50 से ज्यादा सड़कों पर 4 फीट तक पानी भर गया। इससे बाइक-कार डूब गईं। उत्तराखंड में शनिवार से चार धाम यात्रा फिर से शुरू हो गई है। सरकार ने खराब मौसम और लगातार बारिश के कारण 1 से 5 सितंबर के बीच यात्रा रोकी दी थी। आज से चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन भी शुरू किया गया है।



**पंजाब:** 23 जिलों के 1900 गांव लगभग 12 दिनों से बाढ़ की चपेट में हैं। इससे 3.84 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। राज्य में अब तक 43 लोगों की जान जा चुकी है। करीब 1.72 लाख हेक्टेयर में लगी फसल बर्बाद हो गई है। पंजाब में अगले 4 दिनों तक बारिश का अलर्ट नहीं है। इससे बाढ़ से राहत की संभावना है।

**जम्मू-कश्मीर:** लैंडस्लाइड के कारण जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग और सिंथन रोड वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं। कठुआ से कश्मीर तक करीब 3700 से ज्यादा वाहन फंस गए हैं। श्रीनगर और बडगाम में भारी बारिश के बाद कई इलाकों में पानी भर गया। माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की तीर्थयात्रा लगातार 11 दिन से बंद है। 26 अगस्त को हुए भूस्खलन के बाद यात्रा स्थगित कर दी गई थी।



**गुजरात:** सूरत और वडोदरा जिलों में लगातार हो रही भारी बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। नर्मदा और किम नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने से बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। प्रशासन ने निचले इलाकों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

## 3 दोस्तों की डूबने से मौत

**कोरबा,6 सितंबर।** कोरबा जिले में तालाब में डूबने की वजह से 3 पुलिसवालों के बच्चों की मौत हो गई। शव लेकर अस्पताल पहुंचे परिजन। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में शुक्रवार को 3 बच्चों की डूबने से मौत हो गई। तीनों बच्चे तालाब में नहाने गए थे, तभी गहराई में समा गए। मरने वाले तीनों पुलिसकर्मियों के बेटे थे। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के रिसदी तालाब का है। मिली जानकारी के मुताबिक डूबने वाले बच्चों की पहचान युवराज सिंह ठाकुर (9), प्रिंस जगत (12) और आकाश लकड़ा (13) के रूप में हुई है। तीनों की लाशें तालाब में मिली हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। दरअसल, शुक्रवार दोपहर पुलिसकर्मी राजेश्वर ठाकुर का बेटा युवराज सिंह, अयोध्या जगत का बेटा आकाश और जोलसा लकड़ा का बेटा आकाश लकड़ा तालाब में नहाने गए थे। तीनों दोस्त तालाब में नहाने के लिए उतरे तो वह गहरे हिस्से में चले गए और पानी में डूब गए। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक बच्चे जैसे ही पानी में डूबने लगे, उन्होंने बचाने की कोशिश की, लेकिन नहीं बचा पाए। उन्होंने फौरन सिविल लाइन पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोरबा एसपी सिद्धार्थ तिवारी सहित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान गोताखोरों और बचाव दल की मदद से बच्चों को पानी से बाहर निकाला गया। तीनों बच्चों को तत्काल एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर्स ने बच्चों को मृत घोषित कर दिया। बतया जा रहा है कि बच्चों को तालाब से निकालने में देरी हुई, वरना उनकी जान बच सकती थी। रिसदी तालाब को लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब काफी गहरा है। पहले भी यहां डूबने से कई लोगों की मौतें हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। इसे लेकर स्थानीय लोगों में भी आक्रोश है।

### देखते ही देखते चली गई 20 लोगों की जान

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने गुंटूर जिले के एक गांव में स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा की और यां दो महीनों में कम से कम 20 लोगों की 'रहस्यमय बीमारी से मौत हो गई। सरकार ने यहां जाँच के लिए उच्च-स्तरीय चिकित्सा दल भेजे हैं।स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. रघुनंदन के नेतृत्व में एक टीम ने गहन जांच के लिए तुराकापालेम गांव का दौरा किया है।

जाच जारी रहने के दौरान, अधिकारियों को मेलियोइडोसिस नामक एक जीवाणु संक्रमण का संदेह है।

## चैतन्य बघेल की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**रायपुर,6 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में आरोपी बनाए गए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। आज राजधानी रायपुर में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की विशेष कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए चैतन्य की पेशी हुई, जिसके बाद उन्हें अब 15 सितंबर तक के लिए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। संभावना जताई जा रही है कि 15 सितंबर को ईडी इस मामले में चालान दाखिल कर सकती है।



**ईडी ने चैतन्य बघेल को जन्मदिन के दिन किया था गिरफ्तार**–21 जुलाई को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) रायपुर जोनल कार्यालय की ओर से प्रेस नोट में दी गई जानकारी के अनुसार, ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को उनके जन्मदिन 18 जुलाई को भिलाई निवास से धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA), 2002 के तहत गिरफ्तार किया है। शराब घोटाले की जांच ईडी ने भारतीय दंड संहिता (IPC) की विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत एसीबी/ईओडब्ल्यू रायपुर द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस घोटाले के कारण प्रदेश के खजाने को भारी नुकसान हुआ और करीब 2,500 करोड़ रुपये की अवैध कमाई (पीओसी) घोटाले से जुड़े लाभार्थियों की जेब में पहुंचाई गई।

**चैतन्य को शराब घोटाले से 16.70 करोड़ रुपये नगद मिले**–ईडी की जांच से पता चला है कि चैतन्य बघेल को 16.70 करोड़ रुपये की पीओसी प्राप्त हुई थी। उन्होंने उक्त पीओसी को मिलाने के लिए अपनी रियल एस्टेट फर्मों का इस्तेमाल किया था। यह पता चला है कि उन्होंने पीओसी की उक्त नकद राशि का उपयोग अपने रियल एस्टेट प्रोजेक्ट के विकास में किया था। पीओसी का उपयोग उनके प्रोजेक्ट के ठेकेदार को नकद भुगतान, नकदी के खिलाफ बैंक प्रविष्टियों आदि के माध्यम से किया गया था। उन्होंने त्रिलोक सिंह ढिल्लों के साथ भी मिलीभगत की और अपनी कंपनियों का उपयोग एक योजना तैयार करने के लिए किया जिसके अनुसार उन्होंने त्रिलोक सिंह ढिल्लों के कर्मचारियों के नाम पर अपने "विठ्ठलपुरम प्रोजेक्ट" में फ्लैटों की खरीद की आड़ में अप्रत्यक्ष रूप से 5 करोड़ रुपये प्राप्त किए। बैंकिंग ट्रेल है जो इंगित करता है कि लेन-देन की प्रासंगिक अवधि के दौरान, त्रिलोक सिंह ढिल्लों ने अपने बैंक खातों में शराब सिंडिकेट से भुगतान प्राप्त किया।

**1000 करोड़ से अधिक की अवैध संपत्ति का संचालन**–इसके अलावा, उन पर शराब घोटाले से उत्पन्न 1000 करोड़ रुपये से अधिक के पीओसी (POC) को संभालने का भी आरोप है। वह छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्कालीन कोषाध्यक्ष को पीओसी हस्तांतरित करने के लिए अनवर ढेबर और अन्य के साथ समन्वय करते थे।

## मुंबई में धमाकों की धमकी देने वाला नोएडा से गिरफ्तार

**नोएडा ,6 सितंबर।** मुंबई में बम धमाकों की गंभीर धमकी देने के मामले में उत्तर प्रदेश के नोएडा से अश्विन कुमार सुप्रा (50) नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। आरोपी मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। उसके पास से धमकी देने में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन और सिम कार्ड जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने उसे मुंबई लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और आगे की जांच जारी है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस को हाल ही में उनके आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर पर एक धमकी भरा संदेश मिला था। इसमें दावा किया गया था कि शहर में 34 वाहनों में 34 मानव बम लगाए गए हैं। धमकी में कहा गया कि इन बमों में 400 किलोग्राम आरडीएक्स का इस्तेमाल किया जाएगा, और विस्फोट से पूरी मुंबई दहल जाएगी।इस संदेश में खुद को "लश्कर-ए-जिहादी" नामक आतंकी संगठन से जोडऩे का भी दावा किया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि 14 पाकिस्तानी आतंकवादी भारत में घुस चुके हैं। इस धमकी के बाद मुंबई पुलिस ने शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम कर दिए हैं और हर कोण से जांच की जा रही है। यह पहला मौका नहीं है जब मुंबई को बम धमकी मिली हो। पिछले महीने नवी मुंबई पुलिस को एक कॉल के जरिए सूचना दी गई थी कि मुंबई-अहमदाबाद उड़ान में बम है और छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी उड़ाने की धमकी दी गई थी। संयुक्त पुलिस आयुक्त कार्यालय को दोपहर 2 से 2:30 बजे के बीच दो कॉल प्राप्त हुए थे। हालांकि जांच के बाद कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी, और कॉल करने वालों की पहचान कर ली गई थी। लगातार मिल रही धमकियों के चलते मुंबई पुलिस और अन्य एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, बस अड्डे, और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड लगातार गश्त कर रहे हैं। मुंबई पुलिस अब इस मामले में साइबर एंगल से भी जांच कर रही है कि आरोपी अश्विन कुमार सुप्रा का किसी आतंकी नेटवर्क से कोई संपर्क था या नहीं।

## काशी विश्वनाथ मंदिर में 40 साल बाद ऐतिहासिक फैसला

**वाराणसी ,6 सितंबर।** श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के पुजारियों, अर्चकों और कर्मचारियों के लिए 40 साल का लंबा इंतजार खत्म हो गया है। गुरुवार को हुई श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास परिषद की 108वीं बैठक में ऐतिहासिक कर्मचारी सेवा नियमावली को हरी झंडी दे दी गई। इस फैसले के बाद मंदिर के सभी कर्मचारियों को अब राज्य कर्मचारी का दर्जा प्राप्त होगा, जिससे उनके वेतन में लगभग तीन गुना की भारी बढ़ोतरी होगी। मंडलायुक्त एस. राजलिंगम की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में करीब दो दर्जन महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई, जिसने मंदिर के विकास और व्यवस्था की नई रूपरेखा तैयार कर दी है। मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने बताया कि नई नियमावली लागू होने के बाद मंदिर के पुजारियों और कर्मचारियों के जीवन स्तर में बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने बताया, "अभी तक पुजारियों को लगभग 30 हजार रुपये मासिक मिलते थे, जो अब बढ़कर 80 से 90 हजार रुपये हो जाएगा।" वेतन के साथ-साथ अब कर्मचारियों को राज्यकर्मियों की तरह प्रमोशन, अवकाश, भत्ते और अन्य सुविधाओं का लाभ भी मिलेगा।

## निर्यातकों को बचाने के लिए मोदी सरकार खोलेगी खजाना

**नई दिल्ली ,6 सितंबर।** अमेरिका द्वारा भारतीय सामानों पर लगाए गए भारी-भरकम टैरिफ से परेशान निर्यातकों के लिए केंद्र सरकार जल्द ही एक बड़ा राहत पैकेज लाने की तैयारी में है। सूत्रों के हवाले से मिली खबर के अनुसार, सरकार उन उद्योगों को बचाने के लिए एक विशेष योजना पर काम कर रही है, जो इस टैरिफ से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की मार झेल रहे कपड़ा चमड़ा और रसायन जैसे सेक्टरों को तत्काल राहत देने की तैयारी है। यह पैकेज ठीक उसी तर्ज पर तैयार किया जा रहा है, जैसा कोविड-19 महामारी के दौरान एमएसएमई (रूस्रूश्व) सेक्टर को संकट से उबारने के लिए दिया गया था। सरकार का मुख्य उद्देश्य छोटे निर्यातकों को नकदी की कमी से बचाना, नौकरियों पर आए संकट को टालना और भारतीय उत्पादों के लिए नए अंतरराष्ट्रीय बाजार तलाशने में मदद करना है।

हाल ही में अमेरिका ने भारत से आने वाले कई उत्पादों पर 50 फीसदी का भारी टैरिफ लगा दिया है। बताया जा रहा है कि इसमें 25 फीसदी टैरिफ रूस से तेल खरीदने के एवज में जुर्माने के तौर पर लगाया गया है। इस फैसले से भारतीय निर्यातक अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा से बाहर होने की कगार पर पहुंच गए हैं।सूत्रों का कहना है कि इस राहत पैकेज में छोटे निर्यातकों के लिए आसान कर्ज, पूंजी की दिक्कतों को कम करने के उपाय और उत्पादन को बिना रुकावट जारी रखने के लिए वित्तीय मदद जैसे कई ऐलान हो सकते हैं। इसके साथ ही, सरकार बजट में घोषित 'एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन को भी तेजी से लागू करने पर जोर दे रही है, ताकि वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी को और मजबूत किया जा सके।

# पंडरिया विधायक भावना ने शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंटकर किया अभिनंदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 6 सितम्बर।** भारत के महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती और उनकी स्मृति में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय उड़ियाकला में पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा शिक्षक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।

इस समारोह में पंडरिया विधानसभा अंतर्गत समस्त शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पदस्थ प्रत्येक प्राचार्यों एवं शिक्षकों को उनके निःस्वार्थ सेवाभाव, समर्पण एवं एक शिक्षित व सभ्य समाज के निर्माण में अतुलनीय भूमिका निभाने हेतु उनका अभिनंदन किया गया। इस दौरान विधायक भावना बोहरा द्वारा विधानसभा के लगभग 1500 से अधिक प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहें जिन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका विशेष अभिनंदन किया। इसके साथ ही पंडरिया विधानसभा के 20 शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य व विशेष योगदान के लिए शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन विधायक भावना बोहरा ने किया और सभी बच्चों को संबोधित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में लगभग 2000 से अधिक पंडरिया विधानसभा के समस्त शासकीय शिक्षक, प्राचार्य, छात्र-छात्राएं उनके अभिभावक एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। मैं भारत के महान दार्शनिक, शिक्षाविद् और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को भी उनकी जयंती पर नमन करती हूं।



आज का यह विशेष कार्यक्रम उनकी स्मृति और हमारे जीवन को ज्ञान, नैतिकता और प्रेरणा से रोशन करने वाले आप सभी शिक्षकों के प्रति समर्पित है। हमारा पंडरिया विधानसभा अपनी सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक एकता के लिए जाना जाता है।

यहाँ के शिक्षक हमारे समाज की रीढ़ हैं। वे न केवल बच्चों को किताबी ज्ञान देते हैं, बल्कि उन्हें जीवन के मूल्यों, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ भी पढ़ाते हैं। पंडरिया के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में हमारे शिक्षक, बच्चों के भविष्य को संवारने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन भाजपा सरकार निरंतर स्कूलों के उन्नयन, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की मूलभूत सुविधाओं तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैय्या कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री समग्र शिक्षा अभियान के तहत पंडरिया विधानसभा में अभूतपूर्व कार्य किये जा रहें हैं। इसमें हमारे शिक्षकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। आप सभी शिक्षकों के उसी निःस्वार्थ भावना, समर्पण और पंडरिया विधानसभा की आर्थिक व सामाजिक विकास की यात्रा में बहमूल्य सहभागिता को नमन करने यह शिक्षक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है। यह केवल एक वार्षिक आयोजन नही, बल्कि यह एक प्रतीक है हमारे गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का।

इस अवसर पर, मैं पंडरिया के सभी शिक्षकों को हृदय से धन्यवाद देती हूँ और उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करती हूँ। मैं सभी छात्रों से आग्रह करती हूँ कि अपने शिक्षकों का सम्मान करें, उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करें और उनके दिखाए मार्ग पर चलें। साथ ही, मैं पंडरिया विधानसभा के सभी नागरिकों से अनुरोध करती हूँ कि हम सब मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करें, ताकि हमारा क्षेत्र और अधिक समृद्ध और शिक्षित बन सके।

## समाचार संक्षेप

### गैर विभागीय कार्यों से अलग रखने पंचायत सचिवों ने दिया ज्ञापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 सितम्बर।** पंचायत सचिव संघ जिला दुर्ग की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पंचायत सचिवों को विभागीय कार्यों के अतिरिक्त आयुष्मान कार्ड बनाने जैसे गैर-विभागीय कार्यों का दबाव न डाला जाए।

संघ ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सचिवों पर मौखिक रूप से अत्यधिक दबाव डाला जा रहा है, जबकि पंचायत सचिव पहले से ही विभागीय कार्यों के बोझ तले दबे हुए हैं। सचिव संघ ने बताया कि ग्राम पंचायत के एकमात्र कर्मचारी सचिव पर लेखा संधारण, 16 पंजीयों का अद्यतन, पंचायत व ग्राम सभा बैठक, विभिन्न समितियों की बैठक, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, विभागीय एवं एसबीएम ऑडिट, लोकल फंड ऑडिट, निरीक्षण, स्वच्छता संबंधी कार्य, सूचना का अधिकार, 15वें वित्त के जियो टैग, ग्राम की समस्याओं का निराकरण सहित अनेक कार्यों की जिम्मेदारी है। ऐसे में अतिरिक्त गैर-विभागीय कार्यों से विभागीय कार्य प्रभावित होते हैं।

## एक नजर

### ईद-मिलाद-उन-नबी पर्व पर दुर्ग पुलिस की विशेष सुरक्षा व्यवस्था

**दुर्ग, 6 सितंबर।** ईद-मिलाद-उन-नबी पर्व के अवसर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा 5 सितंबर को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रैली निकाली जाएगी, जो जामा मस्जिद पहुँचकर नमाज अदा करने के साथ संपन्न होगी। पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु दुर्ग पुलिस ने विशेष सुरक्षा व्यवस्था की है। इस अवसर पर जिलेभर में 12 राजपत्रित अधिकारी, 36 निरीक्षक एवं उपनिरीक्षक सहित 250 पुलिस बल तैनात किए गए हैं। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। पुलिस बल को रवाना करने से पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल (भा.पु.से.) ने अधिकारियों एवं जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

### सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण के लिए शिविर

**दुर्ग, 6 सितंबर।** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय दुर्ग द्वारा वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण नम्बर प्लेट हेतु 07 से 30 सितंबर 2025 तक भिलाई के विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस्पात क्लब मरोदा में 7, 8 एवं 9 सितंबर 2025 को, इस्पात क्लब सेक्टर 2 में 10, 11 एवं 12 सितंबर को, इस्पात क्लब सेक्टर 1 में 16, 17 एवं 18 सितंबर को, इस्पात क्लब सेक्टर 5 में 22, 23 एवं 24 सितंबर तथा इस्पात क्लब सेक्टर 6 भिलाई में 28, 29 एवं 30 सितंबर 2025 को शिविर आयोजित की जाएगी। उक्त शिविर में अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर निर्धारित शुल्क जमाकर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट हेतु आर्डर किया जा सकता है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 6 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जामुल थाना क्षेत्र के शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को जामुल थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी ने वर्ष 2023 में पीड़िता को दोस्ती के झांसे में फंसा कर दुष्कर्म किया था जामुल पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया ने तीन सितंबर को जामुल थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2023 में नितेश सिंह ने शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया है जब पीड़िता उससे शादी करने के लिए दबाव देने लगी तो आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया था पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नितेश सिंह (25 साल) जय अंबे हीरो शोरूम के पीछे आईटी कॉलेज के सामने जामुल को घेराबंदी कर पकड़ा।

### एक्सीडेंट मामले को लेकर प्रदर्शन कर राष्ट्रीय मार्ग अवरूद्ध करने पर अपराध दर्ज

**कवर्धा, 6 सितंबर।** 4 सितम्बर को थाना चिल्फी के सामने अवैध रूप से बिना सूचना दिये राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीम आर्मी लोरमी ब्लॉक अध्यक्ष सुमीत कोसले के नेतृत्व में महा सचिव सोन कुर्रे, संजीत बर्मन, संजू बंजारा, किशन, रघु बंजारे, रामनाथ कोशले, लव सतनामी, हरेशा बंजारा, विरेन्द्र धृतलहरे एवं काफी संख्या में अन्य लोगों द्वारा थाना चिल्फी के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग लोरमी-पंडरिया रोड पर चक्काजाम किया गया। जिससे आवागमन बाधित होने पर आम जनता को निजी एवं विभिन्न कार्य से आने-जाने पर परेशानियाँ हुई है।

### बहुउद्देशीय सभागार में शिक्षक दिवस समारोह का किया गया आयोजन

# शिक्षक दिवस पर 24 शिक्षकों और कर्मचारियों का किया गया सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 सितम्बर।** भारत रत्न, महान शिक्षाविद एवं दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शुक्रवार को भिलाई निवास स्थित बहुउद्देशीय सभागार में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती व डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पण से हुई। छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण महाप्रबंधक (शिक्षा) शिखा दुबे ने दिया। मुख्य अतिथि चित्त रंजन महापात्र ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों की कर्तव्यनिष्ठा, धैर्य एवं विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में उनके योगदान की सराहना की। अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षकों की कर्तव्यनिष्ठा और धैर्य ही विद्यार्थियों को जीवन में ऊंचाइयों तक पहुँचाते हैं। वे भावी नागरिकों के निर्माता हैं जिनसे एक सशक्त और समृद्ध समाज की रचना संभव होती है। समारोह में शिक्षा विभाग की स्मारिका का विमोचन किया गया। निदेशक प्रभारी पुरस्कार वितरण कार्यक्रम समारोह का मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें 24 शिक्षक एवं गैर-शिक्षकीय कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त चार भूतपूर्व शिक्षकों को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। शिखा दुबे ने बीएसपी विद्यालयों की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षकों के निरंतर प्रयास ही बच्चों के सर्वांगीण विकास और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं।

### निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम में मना शिक्षक दिवस



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 सितम्बर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक एवं साहित्यकार बलदाऊ राम साहू तथा सेवानिवृत्त शिक्षक एवं समाजसेवी नागेन्द्र साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आश्रम के अध्यक्ष आत्मा राम साहू और डॉ. हीरालाल साहू भी मंच पर विराजमान थे 7 अतिथियों ने कबीरजी को समाज का सच्चा गुरु और मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि उनकी वाणी आज भी जीवन के लिए प्रेरणास्रोत है। साथ ही डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शों को आत्मसात कर बच्चों को नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया। वर्तमान समय में शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच नैतिक विकास की आवश्यकता पर चिंतन-मनन किया गया। गुरु-शिष्य परम्परा को समर्पित भजन प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में धार्मिक और सांस्कृतिक रंग भरा। भजन गायन में तिलक वर्मा, कुमार भारद्वाज और डॉली साहू ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में गौकरण साहू, पी. डी. साहू, एम. के. साहू, फकीर राम साहू, वेदराम साहू, रामाधार साहू, डॉ. दीनदयाल साहू, विजयकांत दादर, शिव कुमार साहू, दलजीत सिंह साहू, अशोक साहू, वाय. आर. पटेल, सरस्वती साहू, उर्मिला साहू, प्रमोद साहू, शीला साहू, यमला साहू, प्रेमलता साहू, लक्ष्मी साहू, राजकुमारी साहू सहित प्रबंधन समिति, ट्रस्टी गण, युवा प्रकोष्ठ और महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### गणेश नगर में सेंधमारी के मामले में मां और बेटा को पुलिस ने किया गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 सितम्बर।** जाामुल थाना अंतर्गत गणेश नगर में सेंधमारी के मामले में मां और बेटा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी सूने मकान में चोरी कर सोने-चांदी के आभूषण को रखने के लिए अपनी मां को देता था पुलिस ने आरोपी मां अनुराधा जगत और बेटा दीशु जगत की निशानदेही पर चोरी के जेवरात कीमती 5 लाख 50 हजार रुपए खुर्सीपार और दंतेवाड़ा से बरामद किया है आरोपियों के खिलाफ चोरी के प्रकरण में कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया जामुल टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि 13 अगस्त को गणेश नगर निवासी सुदर्शन कुमार कुर्रे परिवार को लेकर बलौदाबाजार गया था दूसरे दिन घर आने पर दरवाजा का ताला टूटा मिला आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात कीमती 1 लाख 50 हजार रुपए चोरी हो गई थी मामले में प्रकरण दर्ज कर खोजबीन शुरू की।

### म्यूल खाता का उपयोग करने वाले पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 सितम्बर।** म्यूल खाता का उपयोग करने वाले पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि मयंक जंघेल ने सुपेला पुलिस थाना क्षेत्र के सीजी ग्रामीण बैंक और महेन्द्रा शिकायत की थी कि सुपेला ब्रांच के कोटक महेन्द्रा बैंक और छुईखदान छत्तीसगढ राज्य ग्रामीण बैंक में उसका खाता है जिसका इस्तेमाल आरोपी आर्यनगर कोहका निवासी पीयुष जंघेल, अजय कुमार जंघेल, अम्बेडकर चौंक टिकरा पारा रायपुर मिनेश पटेल, ग्रीन वैली स्मृति नगर, आयुष नायडु, न्यू खुर्सीपार हर्ष चन्द्राकर द्वारा इस्तेमाल करते थे। पुलिस ने पांचों युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने ऑनलाइन ठगी के रकम को उक्त खाते में ट्रांसफर कर कारोबार करते थे आरोपियों ने अब तक 57 हजार रुपए पीड़ित के खाते में ट्रांसफर कराए थे जब पीड़ित को आरोपियों ने बताया कि रुपए ट्रांसफर नहीं हो रहा है तो तब पीड़ित साइबर सेल में पहुंचकर जानकारी ली तब पता चला कि उसके खाते में ठगी के रकम ट्रांसफर हो रहें है।

### ईद मिलादुन्नबी पर सांसद बघेल ने गौसिया मस्जिद में की शिरकत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 सितम्बर।** ईद-ए-मिलादुन्नबी के अवसर पर सेक्टर-1 स्थित गौसिया मस्जिद में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सांसद विजय बघेल विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। नजरुल खान एवं मस्जिद समिति के सदस्यों ने सांसद विजय बघेल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

समाज के लोगों ने बताया कि इस वर्ष नूर-ए-मुस्तफा (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के दुनिया में तशरीफ लाने के 1500 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, जिससे यह अवसर और भी ऐतिहासिक और खास बन गया है। सांसद विजय बघेल ने मुस्लिम समाज को ईद-ए-मिलादुन्नबी की मुबारकबाद देते हुए कहा यह पर्व भाईचारे, अमन और इंसानियत की सीख देता है। पैगम्बर मोहम्मद साहब की तालीमात आज भी मानवता के लिए एक रोशनी का चिराग हैं। उन्होंने कहा कि भारत की गंगा-जमुनी तहज़ीब ही इसकी असली खूबसूरती है, जहाँ सभी धर्म और त्योहार आपसी एकता को मजबूत करते हैं।

### त्रिवेणी जैन तीर्थ में उत्तम आकीचन्य धर्म दिवस पर हुआ शांतिधारा अनुष्ठान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 सितम्बर।** दशलक्षण धर्म के अंतर्गत उत्तम आकीचन्य धर्म दिवस के अवसर पर शनिवार को सेक्टर-6 स्थित त्रिवेणी जैन तीर्थ में भक्तों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से विविध धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। इस मौके पर 1008 सुमति नाथ भगवान सहित पार्श्वनाथ, अजीतनाथ और अभिनंदननाथ भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा की गई।



प्रचार-प्रसार प्रभारी प्रदीप जैन बाकलीवाल ने बताया कि शांतिधारा का आयोजन सभी तपस्वियों और उपवास करने वाले श्रद्धालुओं के मंगल स्वास्थ्य लाभ और कल्याण की कामना हेतु किया गया। शांतिधारा करने वालों में भीकमचंद-प्रतिभा कोठारी, प्रशांत-ममता जैन, प्रदीप जैन बाकलीवाल, प्रतीक-प्रासुख नाहर, डिंपी-सौरभ जैन, सिंपी-सुरेश-शीतल कासलीवाल, चंपा देवी, सुनील जैन, प्रखर जैन, गौरव जैन, मुकेश जैन और आर्यन जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। जैन भवन परिसर में स्थापित मंगल विधान मंडप में सौधर्मेंद्र पद पर ज्ञानचंद बाकलीवाल, सोमेश बाकलीवाल, ललिता देवी बाकलीवाल और नीना जैन परिवार ने अष्ट द्रव्य एवं श्रीफल अर्पित कर भगवान की पूजा-अर्चना की। पंडित अतिशय शास्त्री वरुण निशांत जैन, साधना जैन बाकलीवाल और नीना जैन के मार्गदर्शन में विधान सम्पन्न हुआ। पंडित ने प्रवचन में बताया कि उत्तम आकीचन्य धर्म का तात्पर्य पदार्थों के प्रति ममत्व का त्याग करना और अपरिग्रह भाव की स्थिरता प्राप्त करना है। यही साधना आत्मशुद्धि और मोक्ष मार्ग की दिशा में मार्गदर्शक है।

### भिलाई मार्केट में दो महिलाओं से चैन स्नैचिंग



**भिलाई, 6 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मार्केट से घर जा रही दो महिलाएं चेन स्नेचिंग की शिकार हो गई मिली जानकारी के मुताबिक मोहन नगर थाना एरिया में अज्ञात बाइक सवार अचानक पहुंचे गुलाटी अस्पताल के पास से घर जा रही महिलाओं को धक्का देकर चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम दिया मोहन नगर पुलिस को सूचना मिलने के बाद भिलाई दुर्ग में चारों ओर नाकाबंदी की है। लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गए हैं मामले में पुलिस की जांच जारी है।

### खुमान साव की स्मृति में सुरता एवं सम्मान समारोह का आयोजन

# छत्तीसगढ़ की कला व संस्कृति में दाऊ खुमान साव का योगदान अमूल्य : सांसद विजय बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 सितम्बर।** रामनगर मुक्तिधाम स्थित स्कूल प्रांगण में दाऊ खुमान साव की स्मृति में भव्य सुरता खुमान साव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने खुमान साव के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और विशिष्ट योगदान देने वाले कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति में दाऊ खुमान साव का योगदान अमूल्य है। उनका संगीत आज भी जन-जन के मन को झंकृत करता है। हमें गर्व है कि हमारे समाज में ऐसे रत्न हुए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिव्या भसीन ने की। समारोह में विशेष सम्मान से विभूषित किए गए कलाकारों में शामिल रहे, स्व. लता खापर्डे स्मृति सम्मान भगवती साहू, स्व. सफीन दास मानिकपुरी स्मृति सम्मान जागेश्वर साहू, खेरदा पुष्पा साहू कृत लोक सांस्कृतिक मंच नवा किसान रामनगर 7 विशिष्ट अतिथियों में महेश वर्मा, खिलावन साहू, राजकुमार साव, रजनी रजक, तुकाराम ठाकुर, संतोष मोर्या, नंदकुमार कश्यप, सुंदर साहू, संजय साहू, बी. आर. डड़सेना एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। संरक्षक मंडल में पद्मश्री डॉ. आर. एस. बारले, शंकर हिरवानी एवं देवेंद्र उर्वशा रहे। कार्यकारिणी सदस्यों में अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार साहू, उपाध्यक्ष दुजराम साहू, सचिव सुरेंद्र ठाकुर सहित उपासना, उर्वशी एवं भावना पटेल का विशेष योगदान रहा।

### आयुक्त ने मंगल भवन, सीवरेज लाइन और उद्यानों की देखी प्रगति

# एजेंसी को समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 सितम्बर।** नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने बुधवार को जोन-5 अंतर्गत हुडको क्षेत्र का दौरा कर वहां निर्माणाधीन मंगल भवन, सीवरेज लाइन और उद्यानों का निरीक्षण किया। आयुक्त ने मंगल भवन के निर्माण कार्य का बारीकी से अवलोकन करते हुए एजेंसी को समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भवन के तैयार हो जाने से क्षेत्रवासियों को शादी और अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए विशेष सुविधा मिलेगी। इस मंगल भवन में 22 कमरे, विशाल हॉल, सुरक्षित कैंपस, लॉन और पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है।



निरीक्षण के दौरान पांडेय ने सीवरेज लाइन कार्य का भी जायजा लिया और कार्य की गुणवत्ता तथा समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सुभाष उद्यान का औचक निरीक्षण कर ग्रास कटिंग हेतु उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किया। वूमेन फॉर ट्री योजना के अंतर्गत सेक्टर-10 में लगाए गए 300 पौधों का भी आयुक्त ने निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित स्वसहायता समूह की महिलाओं को पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने हुडको स्थित भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा पूर्व निर्मित पानी टंकी का भी औचक निरीक्षण किया और पंप ऑपरेटर से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, उप अभियंता दीपक देवांगन, सहायक उद्यान अधिकारी संजय शर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### बुनियादी ढांचे की कमी से महिलाएं ज्यादा असुरक्षित

देश में प्रति दिन औसतन 86 रेप होते हैं। यह संख्या वह है, जो पुलिस के रिकार्ड में दर्ज की जाती है। हर दिन होने वाले ढेरों रेप या रेप के प्रयास, हिंसक छेड़छाड़ और अभद्रता की संख्या का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। राष्ट्रीय वार्षिक महिला सुरक्षा रिपोर्ट व सूचकांक-2025 के अनुसार दिल्ली समेत पटना, जयपुर, कोलकाता, श्रीनगर, रांची व फरीदाबाद महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित हैं जबकि मुंबई, कोहिमा, भुवनेर, विशाखापत्तनम व गंगटोक सबसे सुरक्षित। कोहिमा व अन्य सुरक्षित शहरों में महिलाओं को ज्यादा समानता, नागरिक भागीदारी, बेहतर पुलिस व्यवस्था व अनुकूल बुनियादी ढांचा बताया जा रहा है। यह सव्रेक्षण देश के इक्तीस शहरों की बारह हजार 770 महिलाओं पर किया गया। दस में से छह महिलाओं ने खुद को अपने शहर में सुरक्षित बताया जबकि 40 प्रतिशत ने ज्यादा सुरक्षित नहीं या असुरक्षित माना। करीब 91 प्रतिशत महिलाएं कार्यस्थल पर खुद को सुरक्षित बता रही हैं। 7 प्रतिशत महिलाएं मानती हैं कि सार्वजनिक स्थल पर उन्होंने बीते वर्ष उत्पीडऩ झेला। हालांकि हर तीन में से दो महिलाएं उत्पीडऩ की शिकायत नहीं करतीं। 29 प्रतिशत सार्वजनिक परिवहन में और 38 प्रतिशत पड़ोस में उत्पीडऩ का शिकार होती हैं। जिन शहरों में बेहतर बुनियादी ढांचे की कमी है, वहां महिलाएं ज्यादा असुरक्षित हैं। स्वीकार करना होगा कि असुरक्षित महसूस करने वाली जगहों के नागरिकों की शिक्षा, सोच व संस्थागत जवाबदेही का कमजोर होना प्रमुख कारण हैं। हालांकि सवा अरब की आबादी में पौने तेरह हजार महिलाओं पर अध्ययन नाममात्र ही कहा जाएगा। ऐसे अध्ययनों में कुछ लाख नागरिकों को शामिल किया जाना चाहिए। रस्मादायगी के तौर पर सव्रेक्षण समाज या देश के लिए हितकारी नहीं कहे जा सकते। इनके निष्कषरे के अनुसार कदम उठाए जाने चाहिए। राज्य सरकारों, महिला आयोग जैसी संस्थाओं पर कड़ाई रहनी चाहिए। पितृसत्तात्मक बर्ताव, स्त्री उपेक्षा व लैंगिक विभेद के प्रति नागरिकों को जागरूक करना होगा। आंकड़ों को प्रकाशित/प्रसारित करने भर की रस्म से सुधार संभव नहीं हैं। जमीनी स्तर पर भी गंभीरतापूर्वक काम होना चाहिए। रेप, छेड़छाड़, व्यभिचार को

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी से लंबी दूरी की यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आप किसी से कोई बात बहुत ही तोल मोलकर बोले और अपनी वाणी पर थोड़ा संयम रखें। माताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकती हैं, जिसको लेकर आप लापरवाही बिल्कुल न करें। किसी की कही सुनी बातों पर भरोसा करने से कार्यक्षेत्र में लड़ाई झगड़े की स्थिति उत्पन्न होगी।

वृषभ आज का दिन आपके लिए दानपुण्य के कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आपकी किसी पुराने साथी से मुलाकात होगी। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं दूर होंगी। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे। आपको आज अपने पारिवारिक मामलों को लेकर किसी बाहरी व्यक्ति से बातचीत करने से बचना होगा, नहीं तो इससे आपके आपसी विवाद खड़े होंगे।

मिथुन आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप जीवन साथी के साथ रोमांटिक पल व्यतीत करेंगे और आपको यदि कोई शारीरिक समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आप किसी वाद विवाद से दूरी बनाकर रखें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। किसी से मांग कर वाहन चलाने से बचें, नहीं तो खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है और भाई व बहनों से आप काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

कर्क आज दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। दोस्तों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। आपके भौतिक सुख साधनों में वृद्धि होगी। आप अपनी जल्दबाजी की आदत के कारण परेशान रहेंगे। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा। आपको माताजी से काम को लेकर सलाह मशविरा करना पड़ सकता है।

सिंह आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आपको अपने लंबे समय से रुके हुए कामों पर फोकस करने की आवश्यकता है, तभी वह पूरे होंगे। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो आप अवश्य करें, लेकिन धन से संबंधित मामलों में आपको सतर्कता बनाए रखनी होगी। पार्टनरशिप में कोई काम करने के लिए आप आगे बढ़ेंगे, लेकिन उसमें पूरी लिखा पढ़ी करके चले।

कन्या आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आपको अपनी आय और व्यय में तालमेल बनकर चलना होगा। आप अपने बढ़ते खर्चों को कंट्रोल करने की कोशिश करें। नौकरी मे बदलाव की योजना बना रहे लोगों को किसी दूसरी नौकरी का ऑफर आ सकता है। आज आपको अपने माता-पिता की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालना होगा। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी।

तुला आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने आलस को त्याग कर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है, तभी आपके काम आसानी से पूरे होंगे और आप अपनी आवश्यकताओं के अनुसार ही खर्च करें, क्योंकि बाद में आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। जीवन साथी नौकरी के किसी काम को लेकर कहीं बाहर जा सकते हैं। आपकी कला व कौशल में सुधार आएगा। आपको किसी विरोधी से कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए इनकम के मामले में बढ़िया रहने वाला है। आप अपने घर की साज सज्जा के लिए भी कुछ नई चीजों की खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में यदि किसी बात को लेकर कलह चल रही थी, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर होगी। आज आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आपके आसपास में यदि कोई वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आपस उसमें चुप लगाएं। आपके घर किसी कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती है।

धनु आज आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे। धन को लेकर यदि कोई समस्या थी, तब वह भी दूर हो सकती है। सामाजिक क्षेत्र में भी आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आपकी अच्छी सोच से आपके काफी मित्र बनेंगे। आपको बिजली के कोई उपकरणों से संबंधित काम मिलने में सफलता मिलेगी। दोस्तों व परिवार के सदस्यों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप अपने घर के रिनोवेशन के बारे में भी सोच विचार कर सकते हैं। संतान को तरक्की करके देख आपको खुशी होगी।

मकर आज आप अपने अधूरे कामों को पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे। सामाजिक कामों में आप बढ चढ़कर हिस्सा लेंगे, जिससे आपकी छवि और निखरेगी। परोपकार के कार्यों में आप आगे बढ़ेंगे। भाई व बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा और आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आप आपको किसी काम को पूरा करने में यदि समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर हो सकती है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को साथी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा।

कुंभ आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आपको अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने की आवश्यकता है, क्योंकि आपके सामने कुछ ऐसे खर्चे आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें, नहीं तो परिवार के सदस्य आपसे नाराज हो सकते हैं। आपको कोई निर्णय सोच समझ कर लेना होगा और आप किसी अजनबी पर आंख बंद करके भरोसा ना करें। आपके मन में यदि किसी काम को लेकर उलझन चल रही है, तो उसे भी दूर करने की कोशिश करें।

मीन आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। बिजनेस में आपको अच्छी कमाई होगी और आपकी पार्टनरशिप भी बेहतर चलेगी। आप अपने व्यवसाय को कहीं बाहर तक ले जाने की कोशिश में भी कामयाब रहेंगे। धन को लेकर यदि कोई काम रुका हुआ था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है। दोस्तों व परिवार के सदस्यों के साथ आप समय व्यतीत करेंगे।

# चिंताजनक - रोजाना पांच सौ लोग सड़क दुर्घटनाओं में गंवा रहे हैं जान !

**मनोज कुमार अग्रवाल**



देश में प्रतिदिन 474 से अधिक लोग सड़क हादसे में अपनी जान गंवा देते हैं. भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी 'सड़क हादसे 2023' की रिपोर्ट में ये आंकड़े सामने आए हैं।2024 और 2025 के आंकड़े और अधिक भयावह हो सकते हैं।

भारत में सड़क हादसों की बढ़ती संख्या चिंताजनक है। एक रिपोर्ट के अनुसार देश में हर घंटे लगभग 55 सड़क दुर्घटनाएँ होती हैं जिनमें 20 लोगों की जान जाती है। 2023 में लगभग 4.80 लाख सड़क हादसे हुए जिनमें 1.72 लाख लोगों की मृत्यु हो गई। मंत्रालय ने युवाओं की मौतों पर चिंता व्यक्त की है जिनमें 18-45 वर्ष के 66.4% युवा शामिल हैं। भारत में जैसे जैसे गाड़ियों की संख्या और गति बढ़ रही है उससे भी अधिक स्पीड से दुर्घटनाओं में अकाल मरने वालों की तादाद बढ़ी है। इससे देश में सड़क दुर्घटनाओं के ग्राफ में तेजी से वृद्धि हो रही है। भारत में कोई दिन ऐसा नहीं है जब देश की सड़कों पर दुर्घटनाओं में खून न बहा हो। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत के मामले में भारत विश्व में सबसे आगे है। सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद देश में सड़क हादसों में कभी नहीं आई है, बल्कि साल दर साल इसमें इजाफा हो रहा है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की सड़क दुर्घटनाएं, 2023 शीर्षक की रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में हर घंटे 55 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। देश में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस विभागों ने वर्ष 2023 के दौरान कुल 4,80,583 सड़क दुर्घटनाओं की सूचना दी है, जिनमें 1,72,890 लोगों की जान गई और 4,62,825 लोग घायल हुए। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2023 में लगातार चौथे वर्ष तक सड़क दुर्घटना के शिकार ज्यादातर युवा थे। 18-45 पर्ष आयु वर्ग के चुना वयस्कों की संख्या 66.4 प्रतिशत है। राजस्थान की बात करे तो इस अवधि में 24 हजार 694 सड़क हादसों में 11 हजार 400 लोगों की भौतें हुई। भारत में सड़कों और हाईवे के साथ हादसों की रफ्तार भी धमने का नाम नहीं ले रही। देश में सड़क दुर्घटनाओं के ग्राफ में तेजी से वृद्धि हो नहीं जाता जब देश के किसी भाग में सड़क हादसा न होता हो। सड़क पर ट्रक पार्क करना दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण हैं और लोग यातायात अनुशासन का पालन नहीं करते हैं। ऐसा लगता है जैसे सड़के



आतंकी हो गई है और हादसे थमने के नाम नहीं ले रहे है।

मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली 1,72,890 मौतों में से 40% से अधिक मौतें हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग न करने और नशे में वाहन चलाने के कारण हुई हैं. रिपोर्ट में बताया गया है कि 2023 में मारे गए 54,568 दोपहिया वाहन चालकों ने हेलमेट नहीं पहना था, जिनमें 39,160 चालक और 15,408 यात्री शामिल थे. यह 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में हुई कुल मौतों का 31.6% था. इसी तरह, सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने वाले वाहन सवारों में 16,025 मौतें दर्ज की गईं, जिनमें 8,441 चालक और 7,584 यात्री शामिल थे, जो वर्ष के दौरान दर्ज कुल मौतों का 9.3% हैं।

देश में मोटर वाहन कानून 2019 लागू होने के बाद भले ही सरकार के राजस्व में वृद्धि हुई हो मगर दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों की संख्या में कमी नहीं आई। सख्त कानून का उन पर कोई असर नहीं हुआ है। नीति आयोग की रिपोर्ट है कि सड़क हादसों के शिकार 30 प्रतिशत लोगों की मौत जीवन रक्षक उपचार नहीं मिल पाने के कारण होती है।

2023 में सबसे ज्यादा सड़क हादसों में मौतें उत्तर प्रदेश में हुईं. यहां 23,652 लोगों की सड़क हादसे में जान गई है, जो 2022 (22,595) और 2021 (21, 227) से अधिक है. सबसे कम मौतें अंडमान और निकोबार में दर्ज की गईं. यहां सिर्फ 24 लोगों की जान गई है.10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में दिल्ली (1457), बेंगलुरु ( 915) और जयपुर (849) में सबसे ज्यादा मौतें हुईं, जबकि अमृतसर, चंडीगढ़ और श्रीनगर में सबसे कम लोगों की जान गई है।रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 में दर्ज कुल 1,72,890 लोगों की मौत में से 63,112 (36.5 प्रतिशत) राष्ट्रीय राजमागों पर, 39,439 (22.5 प्रतिशत) राज्य राजमार्गों पर और 70,339 (40.7 प्रतिशत) अन्य सड़कों पर हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि सड़क दुर्घटनाओं के कई कारण है। यह अक्सर मानवीय भूल, सड़क के वातावरण और वाहनों को स्थिति जैसे विभिन्न कारकों के प्रतिक्रिया का परिणाम होती है। वर्ष 2023 में, यातायात नियम उल्लंघन की श्रेणी में, तेज गति से गाड़ी चलाना एक प्रमुख दुर्घटना का कारण था, जिसमें मारे गए लोगों का 68.1 प्रतिशत हिस्सा था। सड़क दुर्घटनाओं में शामिल वाहन श्रेणियों में, लगातार तीसरे वर्ष, वर्ष 2023 के दौरान कुल दुर्घटनाओं और मौतों में दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी सबसे अधिक रही। कार, जीप और टैक्सियों सहित हल्के वाहन दूसरे स्थान पर हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के सड़क हादसों के आंकड़ों पर गौर करें तो पाएंगे देश में लोग जान हथेली पर लेकर चलते है। देश में सड़कों और हाईवे की संख्या बहुत तेजी से पड़ी है। इसी के साथ हादसों की रफ्तार भी थमने का नाम नहीं ले रही। सड़क दुर्घटनाओं में पैदल चलने वाले लोग भी सुरक्षित नहीं है। इन सभी दुर्घटनाओं के पीछे शराब मादक पदार्थों का इस्तेमाल, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करना, वाहनों में जरुरत से अधिक भीड़ होना, वैध गति से अधिक तेज गाड़ी चलाना और थकान आदि होना है।

ऐसी स्थिति में हादसों में घायल होने वाले पीड़ितों के लिए केंद्र सरकार की ओर से बड़ा ऐलान किया गया है, जिसके तहत पूरे भारत में सड़क दुर्घटना में पीड़ितों को कैशलेस इलाज करवाने की सुविधा दी जाएगी। इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना के पीड़ित के सात दिन तक इलाज पर अधिकतम 1.5 लाख रुपए तक का खर्च सरकार वहन करेगी। पुलिस को हादसे के 24 घंटे के अंदर सुचित कर दिया जाता है तो केंद्र सरकार पीड़ित के इलाज का खर्च उठाएगी। इसके साथ ही सरकार ने हिट एंड रन मामलों में पीड़ित परिवार को दो लाख रुपए का मुआवजा देने का ऐलान किया है। रिपोर्ट में आए मौतों के आंकड़े चिंतित करते हैं. भारत सरकार ने सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन जमीन पर वास्तविक बदलाव लाने के लिए अभी और बहुत कुछ करना बाकी है. हादसे के पीछे की एक वजह नियम को सही तरीके से पालन नहीं कराना भी है. उन्होंने कहा कि हमारे यहां नियमों को लेकर जागरूकता फैलाई जाती है लेकिन उसको पालन कराने पर जोर नहीं दिया जा रहा. दूसरा, अच्छे इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण भी कई हादसे हो रहे हैं. सड़कों पर लेन मार्किंग साफ नजर नहीं आती हैं, पैदल चलने वालों के लिए जगह नहीं है, कई हाईवे पर मीडियन में गैप है, शार्प टर्न्स पर बोर्ड नहीं है, कई सारे एक्सपोज्ड ऑब्जेक्ट है जिस पर टकराकर लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो जा रहे हैं। ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन, सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य इस्तेमाल और जन जागरूकता अभियान चलाने पर भविष्य में स्थिति में सुधार हो सकता है।

# कठोर श्रम का कोई विकल्प नहीं

**संजीव ठाकुर**



मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है1 जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है1 बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं1 सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं1 मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए 1 यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है1 जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है1 यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है1

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं1 सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए1इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है1 और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है1 भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है1ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजा मुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थाई हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थाई तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता हैअन्यथा उस राष्ट्र को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकता1

# मानसून में नहीं फैलेगा आंखों का मेकअप, इन ट्रिक्स से पाएं 'स्मज-फ्री' लुक



बारिश के मौसम में पसीना, चिपचिपाहट और ऑयली स्किन होने के कारण मेकअप ज्यादा समय तक नहीं टिकता है। जिनमें विंग्ड आईलाइनर या शिमरी आईशैडो सबसे पहले खराब होता है। ऐसे में आप इन ट्रिक्स को फॉलो कर सकते हैं। जब भी बारिश का महीना आता है, तो हमारा काम भी काफी बढ़ जाता है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि हमें यह सोचने में समय लग जाता है कि आंखों के मेकअप को कैसे करें। क्योंकि इस मौसम में पसीना, चिपचिपाहट और ऑयली स्किन होने के कारण मेकअप ज्यादा समय तक नहीं टिकता है। जिनमें विंग्ड आईलाइनर या शिमरी आईशैडो सबसे पहले खराब होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे ट्रिक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करने से आपका आई मेकअप फ्रेश और स्मज फ्री रहेगा।

**पहले प्राइमर लगाएं**-आई मेकअप लंबे समय तक टिका रहे, इसके लिए सबसे जरूरी आई प्राइमर होता है। क्योंकि यह न सिर्फ कलर को अच्छा दिखाता है, बल्कि क्रीजिंग और स्मजिंग से भी बचाता है। इसके लिए आप कोई हल्का और ऑयल फ्री प्राइमर चुन सकती हैं। जिससे की आंखों पर मेकअप अच्छे से टिक सके। आप अपनी स्किन टोन के हिसाब से कलर चुन कर अपनी आंखों पर अप्लाई कर सकती हैं। इससे आपका आई मेकअप अच्छा लगेगा।

**वॉटरप्रूफ प्रोडक्ट्स**-मानसून में वॉटरप्रूफ मेकअप का इस्तेमाल करना चाहिए। आप काजल, आईलाइनर या मस्कारा कुछ भी लगाएं, वह सब वॉटरप्रूफ या फिर लॉन्ग लास्टिंग होना चाहिए। नॉर्मल प्रोडक्ट्स की तुलना में जेल, लिक्विड लाइनर और ट्यूबिंग मस्कारा लंबे समय तक टिकता है। वहीं बारिश के मौसम में वॉटकप्रूफ मेकअप का इस्तेमाल करने से यह कम फैलता है। इसलिए आपको आई मेकअप के लिए इन्हीं प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना चाहिए।

**मेकअप सेट करें**-आईशैडो या लाइनर लगाने के बाद स्पेशल आई मेकअप सेटिंग स्प्रे या फिर हल्का सा ट्रांसलूसेंट पाउडर जरूर लगाना चाहिए। ऐसा करने से आपका मेकअप लॉक हो जाता है। वहीं पसीने या बारिश में भी यह कम बहेगा। इसलिए मेकअप सेट होने से पहले आपको इन बातों का खास ध्यान रखना पड़ेगा।

**सही फॉर्मूला चुनना जरूरी**-मानसून में क्रीमी आईशैडो जल्दी फैल सकता है। ऐसे में पाउडर फॉर्मूला ज्यादा बेहतर माना जाता है। लेकिन अगर आप क्रीमी आईशैडो लगाना चाहती हैं, तो उसके ऊपर उसी रंग का पाउडर आईशैडो अप्लाई करें। इससे आपका मेकअप सेट रहेगा।

## इस वाइन कलर साड़ी के साथ बनें फैशन आइकन, हर नजर होगी आप पर

इन दिनों ज्यादातर महिलाओं को वाइन कलर बहुत पसंद आ रहा है। ऐसे में आजकल हर महिला वाइन कलर के आउटफिट पहनना पसंद कर रही हैं। ऐसे में अगर आप भी वाइन कलर की साड़ी तलाश कर रही हैं, तो बता दें कि यह आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। इन दिनों ज्यादातर महिलाओं को वाइन कलर बहुत पसंद आ रहा है। ऐसे में आजकल हर महिला वाइन कलर के आउटफिट पहनना पसंद कर रही हैं। ऐसे में अगर आप भी वाइन कलर की साड़ी तलाश कर रही हैं, तो बता दें कि यह आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ लेटेस्ट वाइन कलर की साड़ी के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आप इन साड़ी को किसी खास मौके पर पहनकर अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं।

**सिल्क क्लासिक साड़ी**-अगर आपके घर में किसी तरह का कोई फंक्शन है और उस फंक्शन में सबसे हटकर दिखना चाहती हैं, तो आप खूबसूरत वाइन कलर सिल्क क्लासिक साड़ी कैरी कर सकती हैं। यह साड़ी न सिर्फ आपको गॉर्जियस लुक देगी, बल्कि इसको पहनकर आपको रॉयल लुक मिलेगा। आप इस साड़ी को ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों जगहों पर खरीद कर सकती हैं।

**वाइन बीड्स साटन साड़ी**-अगर आप किसी त्योहार पर पहनने के लिए साड़ी दे रही हैं, तो खूबसूरत वाइन बीड्स साटन समकालीन साड़ी भी परफेक्ट हो सकती है। इस साड़ी के साथ कंट्रास्ट ब्लाउज पहनें, जोकि आपके लुक को खास बना सकती है। यह साड़ी आपको ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों जगह मिल जाएगी। यह साड़ी आपके लुक में चार चांद लगा देगी।

**टसर सिल्क साड़ी**-अगर आप वर्किंग वुमन हैं और साड़ी पहनकर ऑफिस जाना चाहती हैं, तो आप खूबसूरत वाइन कलर टसर सिल्क साड़ी भी कैरी कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगहों पर मिल सकती है।

## सू-दोकू-162

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.161 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

एक नजर

## सरपंचों का तीन दिवसीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण संपन्न



**दंतेवाड़ा,6 सितंबर।** जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी अनुसार पंचायत संसाधन केन्द्र में जनपद पंचायत गीदम के अंतर्गत आने वाले नवनिर्वाचित सरपंचों के लिए तीन दिवसीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य नवनिर्वाचित सरपंचों को उनके कर्तव्यों अधिकारों तथा विकास योजनाओं की जानकारी देना था ताकि वे अपने क्षेत्र में प्रभावी कार्य कर सकें। विषय प्रशिक्षण के दौरान नवनिर्वाचित सरपंचों को पंचायती राज अधिनियम, पेसा कानून, छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत अनिवार्य, वैकल्पिक कर तथा शुल्क, आदि शासन की प्रमुख योजनाएं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंचों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और विभिन्न विषयों पर जिज्ञासाएँ भी प्रस्तुत किया गया।

## अल्टरनेट फाइनेंस विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला 9 को

**कांकेर, 06 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ में रेजिंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कांकेर द्वारा 09 सितम्बर को एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें एमएसएमई महिला उद्यमियों, महिला स्व-सहायता समूहों एवं पारंपरिक कारीगरों को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज, एनएसई, सिडबी एवं इनवॉइस मार्ट के सहयोग से ÷अल्टरनेट फाइनेंस÷ के बार में जानकारी दिया जाएगा। महाप्रबंधक टंकेश्वर देवांगन ने बताया कि यह कार्यशाला विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, महिला उद्यमी एवं स्वयं सहायता समूह, हस्तशिल्प, हथकरघा, खाद्य प्रसंस्करण, वनोपज आधारित उद्यम तथा ऐसे कारीगर एवं उत्पादक जो ऑनलाइन बिक्री के इच्छुक हैं, उनके लिए उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि आनबोर्डिंग हेतु 03 वर्ष पुरानी इकाई जिसकी औसत वार्षिक टर्न ओवर राशि 30 करोड़ रूपए से अधिक होना चाहिए। उन्होंने जिले के एसे सभी इच्छुक उद्यमियों एवं लाभार्थियों को इस कार्यशाला में उपस्थित होने के लिए आग्रह किया गया है। अधिक जानकारी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कांकेर से संपर्क किया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण से सम्मानित हुए जिले के उत्कृष्ट शिक्षक



**कांकेर, 06 सितम्बर।** एक शिक्षक से देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद राष्ट्रपति तक का सफर करने वाले डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस मनाया जाता है। शिक्षक दिवस के अवसर पर आज जिले के 38 शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया। इसके अंतर्गत 03 शिक्षक को ज्ञानदीप पुरस्कार तथा 21 शिक्षक शिक्षादूत पुरस्कार और 07 उत्कृष्ट प्रधान पाठक माध्यमिक स्तर एवं 07 उत्कृष्ट प्रधान पाठक प्राथमिक स्तर से सम्मानित किए गए। इसके अलावा सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं रजत जयंती महोत्वस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक भी पुरस्कृत किए गए। सम्मान समारोह का आयोजन शहर के न्यू कम्युनिटी हॉल में किया गया, जहाँ शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री भोजराज नाग उपस्थित थे, जबकि समारोह की अध्यक्षता कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम ने की।

# विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास वर्धन में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका : विधायक

## शिक्षक सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 23 शिक्षकों का हुआ सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 06 सितंबर।** आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, दंतेवाड़ा में शुक्रवार को रजत जयंती महोत्सव एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर में स्थानीय विधायक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर तथा जिला पंचायत सीईओ सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी द्वारा क्षेत्र के 23 शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

शिक्षक दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए विधायक श्री चैतराम अटामी ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक समाज में गुरु स्वरूप होते हैं, जिनका योगदान सदैव स्मरणीय रहता है। उन्होंने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन वृत्त का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षक का स्वरूप दीपक, भौंरा, पारस और चंदन की तरह होता है, जो अपने ज्ञान, परिश्रम और संस्कारों से विद्यार्थियों को निखारते हैं। उन्होंने आगे कहा कि डिजिटल युग में भी शिक्षक का स्थान सर्वोपरि है और जितना उत्कृष्ट शिक्षक कार्य करेंगे, उतने ही बेहतर विद्यार्थी समाज को मिलेंगे। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षक दिवस पर दंतेवाड़ा मुख्यालय में नया ऑडिटोरियम निर्माण किये जाने घोषणा की।

शिक्षक दिवस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री अरविन्द कुंजाम ने भी शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा नीति में बहुत सुधार आया है। अतः समस्त शिक्षकों परम दायित्व है कि वे नये शिक्षा नीति अनुरूप छात्रों को शिक्षा देकर उनका भविष्य उज्जवल बनाये।

इस क्रम में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने अपने उद्बोधन ''गुरू गोविंद दोउ खड़े, काके लागु पांय, बलिहारी गुरु आपकी गोविंद दियो बताय,'' का उल्लेख करते हुए कहा कि संत कबीर दास द्वारा गुरुजनों की महिमा को व्यक्त कर उनकी महानता को प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा हमारे ग्रंथों में भी गुरु सर्वोच्च स्थान दिया गया है। माता-पिता के बाद गुरु ही एक बालक का प्राथमिक मार्गदर्शक होता है जो उसे अनुषासन,ईमानदारी, कर्तव्य पालन का महत्व बताने के साथ-साथ समाज में रहन-सहन का सलीखा सिखाते है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य भर में जिले के 10वीं और 12वीं के उत्साह जनक परिणामों का संपूर्ण श्रेय शिक्षकों को जाता है। जिन्होंने अथक मेहनत एवं प्रयासों से छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन किया। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि इस नवीन टेक्नोलॉजी के दौर में शिक्षक नई तकनीक अपनाकर आगामी पीढ़ी की शिक्षा को नयी दिशा देवें। बच्चों के आधारभूत व्यक्तित्व विकास में शिक्षकों का योगदान सर्वाधिक होता है अतः प्राथमिक, माध्यमिक और हाई स्कूल स्तर तक हर छात्र का भविष्य संवारना शिक्षकों का प्राथमिक दायित्व है ताकि वह देश का जिम्मेदार नागरिक बन सके।

## विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 06 सितंबर।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार शिक्षा के स्तर में आवश्यक सुधार करने की दृष्टिकोण से विकासखंड शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा श्री हरीश कुमार सिन्हा के द्वारा सतत स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है। जिसके तहत विगत दिवस को प्राथमिक शाला नाकापारा गमावाड़ा, प्राथमिक शाला बड़े कमेली, प्राथमिक शाला आयतु पारा बड़े कमेली,प्राथमिक शाला बेहनार प्राथमिक शाला आयतु पारा छोटे कमेली, माध्यमिक शाला नेरली,प्राथमिक शाला बड़ेपारा बड़े कमेली,प्राथमिक शाला नेरली का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षकों से परिचर्चा किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया जिसके तहत बच्चों की गुणवत्ता स्तर में सुधार के लिए उपाय सुझाए गए बच्चों के स्तर का आकलन किया गया शिक्षकों के दैनंदिनी डायरी का अवलोकन सूक्ष्मता से किया गया। इस के साथ ही विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने अपने समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों से आग्रह किया है कि प्रत्येक दिवस समय पर अपनी उपस्थिति संस्था में सुनिश्चित करें।

## डीएमएफ की राशि का उपयोग खनिज प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता वाले कार्यों में करें : नाग



**उत्तर बस्तर कांकेर 06 सितम्बर।** जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की शासी परिषद की बैठक में 350 करोड़ रूपए की वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। कांकेर लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद श्री भोजराज नाग, विधायक अंतागढ़ श्री विक्रम उसेण्डी, विधायक भानुप्रतापपुर श्रीमती सावित्री मंडावी, विधायक कांकेर श्री आशाराम नेताम की उपस्थिति तथा कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना के अनुमोदन के साथ ही रावघाट परियोजना, अंजरेल ब्लॉक से प्राप्त राशि का नारायणपुर जिले को अंतरण तथा कांकेर जिले में पूर्व में घोषित खनन प्रभावित क्षेत्र, ग्रामों, नगरीय क्षेत्रों के निर्धारण के संबंध में चर्चा की तथा बताया गया कि आगामी समय में खनिज प्रभावित क्षेत्रों का पुनः निर्धारण किया जाएगा। सांसद श्री नाग ने जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की शासी परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि डीएमएफ की राशि का उपयोग खनिज प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता से किया जाए तथा प्रभावित क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम सभा की मंशा के अनुरूप कार्य स्वीकृत किए जाए। पूर्व में स्वीकृत सभी अपूर्ण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

## ई-मार्केटिंग एवं डिजिटल मार्केटिंग पर कार्यशाला आयोजित

### स्थानीय उद्यमी डिजिटल माध्यम से भी कर सकते हैं बाजार का विस्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कांकेर 06 सितम्बर।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कांकेर द्वारा आज जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमो (एमएसएमई), महिला उद्यमियों, स्व सहायता समूहों (एसएचजी) और पारंपरिक कारीगरों को डिजिटल माध्यम से बाजार से जोड़ने के उद्देश्य से कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम भारत सरकार की रैम्प येजना के अंतर्गत हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र उत्तर बस्तर कांकेर के महाप्रबंधक टंकेश्वर देवांगन द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को डिजिटल मंचों से जोड़कर राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान दिलाई जा सकती है। कार्यशाला में ई कॉमर्स प्लेटफार्म के डायरेक्टर व सीईओ एवं अन्य डिजिटल प्लेटफार्म के प्रतिनिधियों तथा राज्य परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी के प्रतिनिधियों ने व्यवसाय से व्यवसाय और व्यवसाय से उपभोक्ता हेतु विक्रेता पंजीकरण, उत्पाद सूचीकरण, प्रचार-प्रसार, और डिलीवरी व्यवस्था की जानकारी दी गई।

डिजीटल मार्केटिंग सत्र में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर विक्रेता पंजीकरण के साथ-साथ सोशल मीडिया और मोबाइल ऐप्स के माध्यम से कम लागत में उत्पादों की ब्रांडिंग व बिक्री बढ़ाने के सरल उपाय बताए गए। वक्ताओं ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण पैकेजिंग, आकर्षक विवरण और ग्राहकों से नियमित संवाद स्थानीय उत्पादों को वैश्विक ब्रांड बनाने में सहायक होते हैं। राज्य परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी सीएसआईडीसी रायपुर के प्रतिनिधि द्वारा राज्य में चल रही रैम्प येजना की गतिविधियों जैसे उद्यमिता जागरूकता, निर्यात प्रशिक्षण, डिजिटल विपणन और वित्तीय पहुँच पर विस्तार से जानकारी दी गई। सभी सत्रों के बाद उद्यमियों के साथ सवाल-जवाब किया गया तथा उद्यमियों के शंका का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय उद्यमी, महिला उद्यमी समूह सदस्य, पारंपरिक कारीगर और स्थानीय एमएसएमई प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कांकेर के सभी प्रबंधक व अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कृषि वैज्ञानिकों ने किया किसानों के खेतों में भ्रमण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 06 सितम्बर।** कृषि विज्ञान केन्द्र, बीजापुर के वैज्ञानिकों द्वारा जिले के किसानों के खेतों में भ्रमण किया गया। इस दौरान खेत में धान की फसल पर पत्ती मोड़क कीट (चितरी कीट) एवं केस वार्म कीट प्रकोप अधिकतर खेतों में देखा गया है। पत्ती मोड़क कीट (चितरी कीट) इल्ली अवस्था में फसल को नुकसान पहुंचाती है। पूर्ण विकसित इल्ली हरे रंग व 20-25 मि.मी. लम्बी होती है। यह कीट पत्तियों के दोनों किनारों को आपस में जोड़कर पत्तियों का हरा पदार्थ खुरजकर खा जाती हैं जिससे पत्तियों पर सफेद धारियां बन जाती है। केस वार्म कीट को बंकी कीट भी कहा जाता है इस कीट की इल्ली अवस्था फसल को नुकसान पहुंचाती है, पूर्ण विकसित इल्ली हरे रंग की व 15 से 20 मि.मी. लम्बी होती है। यह कीट पत्तियों को उपर से काटकर उसका खोल जैसा बना लेती है व इसके अन्दर रहते हुए पत्तियों पर चढ़कर हरा पदार्थ खुरजकर खाती है, जिससे पत्तियां उपर से कटी हुई व सफेद धारी युक्त दिखाई देती है। किसानों को पत्ती मोड़क एवं केस वार्म कीट के प्रबंधन के संबंध में जानकारी किसानों को दिया गया, इसे नष्ट करने हेतु इण्डोक्साकार्ब 15.80 प्रतिशत ई.सी. 200 मि.ली. प्रति हेक्टेयर या कार्टाप इाइड्रोक्लोराईड 50 डब्ल्यू. पी 1 किलो प्रति हेक्टेयर एवं केस वार्म नियंत्रण के लिए फेन्थोएट 50 प्रतिशत ई.सी. 500 मि.ली. प्रति हेक्टेयर या क्लॉनालफॉस 25 प्रतिशत को 2 मिली लीटर प्रति लीटर में छिड़काव के लिए निर्देश दिया गया। इसके साथ ही धान में नत्रजन पोषक तत्व की कमी के प्रबंधन के लिए नैनो यूरिया के प्रयोग 2-4 मिलीलीटर प्रति लीटर में छिड़काव एवं खरपतवार से होने वाली नुकसान और खरपतवार के प्रबंधन के बारे में जानकारी किसानों को दी गई। इसी प्रकार धान के आलावा भिन्डी, केला, और बरबट्टी फसलों के खेतों में भी भ्रमण किया गया।

## रजत महोत्सव : बीजापुर को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु लिया गया संकल्प



**बीजापुर 06 सितंबर।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रजत महोत्सव अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, इस दौरान नगर पालिका क्षेत्र बीजापुर में आज नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता सोम पुजारी की अध्यक्षता में मुख्य नगर पालिका अधिकारी व समस्त पार्षदों की उपस्थिति में बाल विवाह मुक्त नगर पालिका बीजापुर बनाने की रणनीति, कार्ययोजना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी, श्री राहुल कौशिक द्वारा कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई नगरीय निकाय क्षेत्रों के सभी वार्डों में समय-समय पर बाल विवाह नहीं करने, बाल विवाह के कानून अपराध होने संबंध में मुनादी कराये जावे जिस से की सभी नगर वासियों को पता चले की बाल विवाह करना अपराध है, नगरीय क्षेत्र में आने वाले सामुदायिक भवन या अन्य सामुदायिक भवन के लिए यह बंधन कार्य हो की वैवाहिक कार्यक्रम हेतु भवन आरक्षित करने के पूर्व वर एवं वधू दोनों को जन्म प्रमाण-पत्र संबंधी प्रमाण-पत्र जमा करावें। विशेष अवसर जैसे-राम नवमी तथा अक्षय तृतीया पर बड़ी संख्या में विवाह सम्पन्न होते है, इस अवसर पर नगरीय क्षेत्र के सभी वार्डों को सूचना प्रसारित कर अपील की जाये।

## 24 शिक्षकों को शिक्षादूत, ज्ञानदीप और उत्कृष्ट शिक्षक अलंकरण से किया गया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

### शिक्षकों की मेहनत और प्रेरणा से ही देश और समाज का निर्माण होता है : संबित मिश्रा



**बीजापुर, 6 सितंबर।** ज्ञान, संस्कार और मूल्य इन तीन स्तंभों पर टिका है समाज का आधार और इन स्तंभों को मजबूती देने का काम करते हैं हमारे शिक्षक। शिक्षक दिवस के अवसर पर बीजापुर जिले में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में यही भाव हर ओर झलकता नजर आया। कन्या पोटा केबिन ऑडिटोरियम में हुए इस गरिमामय आयोजन में 24 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जब इन शिक्षकों को मंच पर बुलाया गया तो पूरा ऑडिटोरियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

समारोह में कलेक्टर मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक केवल किताबें नहीं पढ़ाते, वे भविष्य गढ़ते हैं। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में उनकी भूमिका अतुलनीय है। आज जिन शिक्षकों को सम्मानित किया गया है, वे हमारे समाज की असली धरोहर हैं। समारोह का एक विशेष आकर्षण रहा 25 सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान। उन्हें शाल और श्रीफल अर्पित कर समाज के प्रति उनके योगदान को नमन किया गया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा सेवा नौकरी नहीं, बल्कि समाज के उत्थान की तपस्या है।

**गौरव का पल, पुरस्कार प्राप्त शिक्षक**

शिक्षादूत सम्मान - आत्माराम कुंजाम, राजेंद्र ठाकुर, नमिता झाड़ी (बीजापुर ब्लॉक), होतीलाल धानका, कमलेश शोरी, सीमा वर्मा (भैरमगढ़ ब्लॉक), जमुना संगम, दिलीप तेलम, काका गणपत (उसूर ब्लॉक), निरोजा कन्नूर, समैया गुरला, कुमार श्रीशैलम (भोपालपटनम ब्लॉक)

**ज्ञानदीप सम्मान** - वीरेंद्र देवांगन, केदारनाथ देशमुख, अनिल कुमार जाटव

**उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान** - गायत्री राणा, प्रमिला मोरला (बीजापुर ब्लॉक), प्रभा कुंजाम, ललित मरावी (भैरमगढ़ ब्लॉक), कुरसम बस्वैया, एल.एस. कश्यप (उसूर ब्लॉक), महबूबी खान, कावटी गोपाल (भोपालपटनम ब्लॉक)

**उत्कृष्ट प्राचार्य** - प्रभाकर राजा शर्मा (स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल)

समारोह में कलेक्टर संबित मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे, भाजपा जिला अध्यक्ष घासीराम नाग सहित जनप्रतिनिधि और सैकड़ों छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे और भाजपा जिला अध्यक्ष घासीराम नाग ने कहा कि जिले के शिक्षकों ने शिक्षा की अलख जगाकर समाज को नई दिशा दी है।

उनका योगदान केवल विद्यार्थियों के भविष्य और आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। यह आयोजन सम्मान से कहीं आगे बढ़कर शिक्षा के महत्व और शिक्षकों की भूमिका का संदेश देता है।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में पदोन्नत शिक्षकों का सम्मान, बच्चों ने दी विदाई

### पदोन्नति पर गगन, राजन्ना और कश्यप बने प्राचार्य, लम्बाड़ी का हुआ तबादला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 6 सितंबर।** स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय में शुक्रवार को भावनाओं से भरा विदाई व सम्मान समारोह आयोजित हुआ। संस्था के तीन शिक्षकों के पदोन्नति एवं एक शिक्षक की स्थानांतरण पर विद्यार्थियों और स्टाफ ने उन्हें यादगार तरीके से विदाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुई। लगभग 350 छात्र-छात्राएं और सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं इस मौके पर उपस्थित रहे। पूरे वातावरण में खुशी और भावुकता का अद्भुत संगम दिखाई दिया।

**पदोन्नति से मिली नई जिम्मेदारी**

श्रीमती गगन पामभोई ने वर्ष 1998 से राजनीति शास्त्र की व्याख्याता के रूप में अपनी सेवाएं दीं। शिक्षा के प्रति समर्पण और अनुशासन प्रियता के चलते उन्हें पदोन्नत कर स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम गर्ल्स स्कूल भोपालपटनम का प्राचार्य बनाया गया। बच्चों के प्रिय गुरु रहे 2002 से रसायन शास्त्र पढ़ाने वाले श्री राजन्ना एटटी स्थानीय होने के कारण बच्चों से गहरा जुड़ाव रखते थे। वे एनसीसी ऑफिसर के रूप में बच्चों को अनुशासन व देशभक्ति का पाठ पढ़ाते रहे। उन्हें स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल सकनापल्ली का प्राचार्य बनाया गया। हिंदी के व्याख्याता श्री देवी सिंह कश्यप 2003 से संस्था में कार्यरत थे। अपनी मिलनसार और सहज स्वभाव के कारण वे सभी के प्रिय रहे। अब वे स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम चेरपल्ली के प्राचार्य पद का दायित्व संभालेंगे।

**गणित-भौतिकी में निपुण लम्बाड़ी का स्थानांतरण**

सहायक शिक्षक श्री ओमप्रकाश लम्बाड़ी का युक्तियुक्तकरण के तहत भैरमगढ़ ब्लॉक के मंगलनार स्कूल में स्थानांतरण हुआ। गणित और भौतिकी विषय में उनकी गहरी पकड़ से बच्चों ने हमेशा लाभ पाया। विदाई के दौरान कई छात्र-छात्राओं की आंखें नम हो गईं। नए दायित्व मिलने की खुशी जहां शिक्षकों के चेहरे पर झलक रही थी, वहीं संस्था और बच्चों से दूर होने का दर्द भी साफदिखाई दिया।

सभी शिक्षकों ने अपने उद्बोधन में कठिन परिश्रम, अनुशासन और माता-पिता के आशीर्वाद को सफलता की कुंजी बताया। नए दायित्व मिलने की खुशी उनके चेहरों पर साफ झलक रही थी, लेकिन छात्रों व स्टाफ से बिछड़ने का दर्द भी नजर आया।

समारोह के अंत में प्राचार्य एन. राजेश ने सभी पदोन्नत प्राचार्यों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें शिक्षा की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संदेश दिया। स्टाफकी ओर से उन्हें श्रीफल, साल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार चिन्तुर ने किया। आयोजन को सफल बनाने में ए. नागेश्वर राव, श्रीमती गौरुबाई कावटी, जी. श्वेता, श्रीमती मरियम एक्का, राकेश केतारप और पवन देवांगन का विशेष योगदान रहा।

## उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम में एमएसएमई उद्यमियों की शिकायतों का हुआ समाधान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 06 सितंबर।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र दंतेवाड़ा द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के योजनान्तर्गत जिले के एमएसएमई इकाइयों और बैंकर्स के बीच समन्वय एवं आने वाले चुनौतियों के समाधान हेतु उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में हुआ। जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा के द्वारा उक्त कार्यक्रम अध्यक्षता की गयी। इस कार्यक्रम महाप्रबंधक श्री मितवा बड़ा, द्वारा कार्यक्रम की रुपरेखा से अवगत कराते हुए औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के प्रावधानों, अनुदान छूट, रियायतों एवं आवेदन की समपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी देकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया गया तथा रैंप योजना के माध्यम से बैंकर्स और उद्यमियों को एक मंच पर शंका , सवालों का समाधान सुनिश्चित करने की व्यवस्था से अवगत कराया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा जिले में औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए एमएसएमई उद्यमी, नये प्रतिभागी एवं महिला स्व-सहायता समूहों के प्रतिभागियों को औद्योगिक विकास नीति का लाभ लेने हेतु आवश्यक सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## एक नजर

### गरियाबंद के जंगलों में सुरक्षा बलों को नक्सल डंप मिला, आईईडी व हथियार बरामद

**गरियाबंद, 5 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान में एक बड़ी सफलता मिली है। शुक्रवार को मैनपुर थाना क्षेत्र के गोबरा पहाड़ी जंगल में चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान जवानों ने नक्सलियों के छिपाए गए खुफिया डंप को बरामद किया। जिला पुलिस बल की ई-30 ऑपरेशन टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई में जंगल के अलग-अलग हिस्सों से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, हथियार और अन्य सामान जब्त किए गए। बरामद सामानों में स्टील कंटेनर से बने आईईडी बम, सिंगल शॉट बैरल, नक्सली साहित्य, वर्दियां, 57 पटाखा बम सहित अन्य आपत्तिजनक सामग्री शामिल है। जानकारी के अनुसार, गरियाबंद, धमतरी और नुआपाड़ा डिवीजन के नक्सलियों ने इन सामानों को गोबरा पहाड़ी जंगल में सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से छिपाकर रखा था। गरियाबंद के एसपी निखिल राखेजा ने इस बरामदगी की पुष्टि की है। सुरक्षा बलों द्वारा की गई इस कार्रवाई को नक्सल उन्मूलन के अभियान में एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।

### सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने मुस्लिम समाज को दी ईद की बधाई

**सिहावा, 6 सितंबर।** सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने ईद-उल-अजहा के पावन अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों से मुलाकात कर हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने नगरी में मुस्लिम समाज के भाइयों के साथ सेवइयां वितरण कर ईद की खुशियों में सहभागिता निभाई। इसके साथ ही पाइकभाठा में आयोजित ईद कार्यक्रम में सम्मिलित होकर समाज के साथ मिलकर भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया। विधायक मरकाम ने जनपद सदस्य हनीफखान के निवास पर पहुँचकर उन्हें व उनके परिवार को ईद की मुबारकबाद दी और समाज के साथ सौहार्दपूर्ण संवाद किया। विधायक अंबिका मरकाम का उद्बोधन विधायक मरकाम ने मुस्लिम समाज को संबोधित करते हुए कहा कि- ईद त्याग, बलिदान और भाईचारे का त्योहार है। यह हमें एक-दूसरे के सुख-दुख में शामिल होकर समाज में सद्भाव और एकता को मजबूत करने का संदेश देता है। सिहावा की धरती पर सभी धर्म और समाज के लोग मिल-जुलकर रहते हैं, यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

### पूर्व विधायक रंजना साहू ने सांसद से जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार से स्वीकृति दिलाने किया आग्रह

**धमतरी, 6 सितंबर।** छत्तीसगढ़ धमतरी की पूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेत्री रंजना साहू ने प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आवश्यकता को देखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, उन्होंने जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार को पत्र लिखकर जल जीवन मिशन के तहत 238 गांवों में पेयजल आपूर्ति योजना को शीघ्र मंजूरी देने की मांग पत्र सौंपकर महासमुंद सांसद श्रीमती रुपकुमारी चौधरी से की है। इस संबंध में उन्होंने लोकसभा सांसद श्रीमती रुपकुमारी चौधरी को पत्र लिखकर व पत्र देकर आग्रह किया है कि वे जल जीवन मिशन अंतर्गत रुद्री समुह जल प्रदाय योजना कि परियोजना को केंद्र सरकार से शीघ्र स्वीकृति दिलाने के लिए आवश्यक प्रयास करें। श्रीमती रंजना साहू ने जानकारी दी कि प्रस्तावित ग्राम रुद्री से पेयजल योजना का तकनीकी क्रियान्वयन कार्य पहले ही पूरा हो चुका है, और जैसे ही इसे अंतिम मंजूरी प्राप्त होगी, यह योजना ग्रामीण क्षेत्र को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी उत्पन्न करेगी। उन्होंने बताया कि पेयजल योजना के लागू होने से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को जलजनित बीमारियों से राहत मिलेगी और उनका जीवन स्तर बेहतर होगा। यह परियोजना हर घर जल की केंद्र सरकार की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी। रंजना साहू ने आगे कहा कि यह केवल पानी की योजना नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य और रोजगार का एक समग्र मॉडल है।

### आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत उन्मुखीकरण कार्यशाला सम्पन्न

**धमतरी, 6 सितंबर।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिला धमतरी में विकासखण्ड स्तर पर दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विकासखण्ड धमतरी, कुरूद, मगरलोड एवं नगरी में 03 एवं 04 सितम्बर 2025 को सम्पन्न हुई। कार्यशाला में ब्लॉक मास्टर ट्रेनर एवं प्रदान संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा ब्लॉक के अधिकारी, समाज प्रमुख, सरपंच एवं सचिवों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री विमल साहू ने कहा कि अब योजनाओं का लाभ धरातल पर सुनिश्चित होगा और इसके क्रियान्वयन में जनसमुदाय की सक्रिय भागीदारी रहेगी। उन्होंने बताया कि धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत जनजाति गौरव वर्ष का हिस्सा बने आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य जनजाति समुदायों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ना है। धमतरी जिले में इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का संकल्प-समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित छत्तीसगढ़

# महाराजा चक्रधर सिंह ने कला को दिलाई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पहचान : सीएम साय

- रायगढ़ में चक्रधर समारोह के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय



**रायपुर, 6 सितम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायगढ़ में चक्रधर समारोह के समापन कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि महाराजा चक्रधर सिंह ने संगीत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि रायगढ़ में कला और संस्कृति के प्रति अलग ही प्रेम है। इस प्रेम को स्थायी बनाए रखने की दिशा में यहाँ कला और संगीत महाविद्यालय खोलने की घोषणा विगत वर्ष की गई थी। उन्होंने बताया कि इसके लिए बजट का प्रावधान कर दिया गया है और महाविद्यालय हेतु स्थान का चयन भी हो चुका है। कुछ माह के पश्चात यह महाविद्यालय अस्तित्व में आ जाएगा।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने विगत 20 माह में अनेक योजनाएँ बनाई हैं और उन्हें जन-जन तक पहुँचाकर लोगों को लाभान्वित किया है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो गारंटी दी थी, उसे हमारी सरकार ने अल्प समय में ही पूरा किया है और 2047 तक के लिए छत्तीसगढ़ का विज़न डॉक्यूमेंट तैयार किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की माताओं और बहनों को महतारी वंदन योजना से लाभान्वित करते हुए हर माह उनके खाते में एक एक हजार रुपये की राशि डाली जा रही है। इससे राज्य की लगभग 70 लाख महिलाएँ लाभान्वित हो रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार ने नई उद्योग नीति लागू कर राज्य में लाखों-करोड़ों रुपये का निवेश आकर्षित किया है और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के बेटे-बेटियों को रोजगार देने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने राज्य में संस्कृति और आस्था की पहचान राजिम कुंभ को भी भव्य रूप देने की बात कही। मुख्यमंत्री साय सहित अन्य अतिथियों ने चक्रधर समारोह के समापन समारोह में आज के प्रमुख आकर्षण, प्रख्यात गायक पद्मश्री कैलाश खेर की प्रस्तुतियों का आम दर्शकों के साथ आनंद लिया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह समारोह महाराजा चक्रधर सिंह के योगदान को समर्पित है। उन्होंने संगीत की खोती हुई विरासत को सहेजने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए कार्य किया और संगीत के गौरव को पुनर्स्थापित किया।

### महाराजा चक्रधर सिंह पर विशेष आवरण का किया विमोचन

मुख्यमंत्री साय और अन्य अतिथियों ने मंच से डाक विभाग द्वारा महाराजा चक्रधर सिंह पर जारी विशेष आवरण का विमोचन किया। उन्होंने सुघर छत्तीसगढ़ की परिकल्पना पर आधारित रायगढ़ नगर पालिक निगम के शुभंकर अप्पू राजा को भी लॉन्च किया। मंच पर कथक प्रस्तुत करने वाली विख्यात कलाकार पद्मश्री डॉ. नलिनी, डॉ. कमलिनी अस्ताना को सम्मानित भी किया गया।

### छत्तीसगढ़ की पहचान है कला और संस्कृति : साव

समारोह में विशिष्ट अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान प्रारंभ से ही कला और संस्कृति की रही है। महाराजा चक्रधर सिंह ने यहाँ की पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया। उन्होंने मंच से अपनी कला का प्रदर्शन करने वाले सभी कलाकारों को बधाई और शुभकामनाएँ दीं।

### कला और संस्कृति की नगरी है रायगढ़ : ओपी चौधरी

चक्रधर समारोह के समापन अवसर पर उपस्थित हजारों की भीड़ को कला-प्रेमियों की पहचान बताते हुए स्थानीय विधायक एवं वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने कहा कि रायगढ़ कला और संस्कृति की नगरी है। राजा चक्रधर सिंह ने कथक नृत्य और अन्य सांस्कृतिक विरासतों को आगे बढ़ाने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई।

# किसान, महिलाओं और युवाओं की प्रगति ही राज्य का भविष्य : मुख्यमंत्री साय

## रजत जयंती वर्ष में 4000 पंचायतों में शुरू होंगे अटल डिजिटल सेवा केंद्र

- खरसिया में किया रेलवे ओवरब्रिज सहित 66.84 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन
- अटल बिहारी की प्रतिमा का अनावरण और अटल परिसर का लोकार्पण
- खरसिया में 20 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की घोषणा
- रेलवे अंडरब्रिज निर्माण के लिए तकनीकी सर्वे कराने की घोषणा



**रायपुर, 6 सितम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज रायगढ़ जिले के खरसिया में आयोजित कार्यक्रम में रेलवे ओवरब्रिज सहित 66.84 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने 20 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की घोषणा भी की। इनमें खरसिया के कबीर चौक से डभरा रोड तक बाईपास सड़क निर्माण के लिए 10 करोड़, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और स्विमिंग पूल सहित अन्य सुविधाओं की मरम्मत के लिए 2 करोड़ तथा खरसिया नगर पालिका क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों के लिए 8 करोड़ रुपये की घोषणा शामिल है।

मुख्यमंत्री साय ने खरसिया में पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया तथा अटल परिसर का लोकार्पण भी किया। साथ ही उन्होंने रेलवे अंडरब्रिज निर्माण के लिए तकनीकी सर्वे कराए जाने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि रायगढ़ से उनका 20 वर्षों का पारिवारिक संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नगरीय निकायों में मिली जीत अटल विश्वास पत्र के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र के विकास के लिए सात से आठ हजार करोड़ रुपये के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। अटल विश्वास पत्र में की गई एक-एक घोषणा को पूरा किया जा रहा है। मोदी जी की अधिकांश गारंटियाँ पूरी हो चुकी हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रत्येक माह 1000 रुपये दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं। किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है। तेंदूपत्ता संग्राहकों से खरीदी मूल्य 4000 से बढ़ाकर 5500 रुपये कर दिया गया है। 5.62 लाख से अधिक भूमिहीन कृषि मज़दूरों को प्रति वर्ष 10-10 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत स्तर पर भी अटल डिजिटल सेवा केंद्रों के माध्यम से बैंकिंग और शासकीय सेवाएँ गांव-गांव तक पहुँच रही हैं। 1460 पंचायतों में यह सुविधा प्रारंभ हो चुकी है, जहाँ न केवल पैसों का लेन-देन संभव है, बल्कि आय, भूमि, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र जैसी सेवाएँ भी अब गांव में ही उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने घोषणा की कि रजत जयंती वर्ष के दौरान 4000 पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र खोले जाएंगे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पीएससी घोटाले की सीबीआई जाँच चल रही है। भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन हमारा उद्देश्य है, सुशासन हमारा संकल्प है। भ्रष्टाचार के सभी रास्ते एक-एक कर बंद किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की पहल उन्होंने सांसद रहते हुए की थी। सभी औपचारिकताएँ पूर्ण होने के बाद आज इसका भूमिपूजन संभव हुआ है। आने वाले दो से तीन वर्षों में इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता के साथ काम किया जा रहा है। रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण खरसिया शहर के लिए महत्वपूर्ण आवश्यकता थी। 64.94 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस रेलवे ओवरब्रिज का भूमिपूजन हमारी इसी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके निर्माण से क्रॉसिंग पर ट्रेनों के गुजरने से लोगों को होने वाली आवाजाही की समस्या दूर होगी और समय की भी बचत होगी।

### सीजीएमएससीएल ने मेसर्स एफी पैरेंटेरल्स को जारी किया ब्लैकलिस्टिंग शो कॉज नोटिस

रायपुर, 6 सितंबर। सीजीएमएससीएल क्वालिटी कन्ट्रोल के प्रति जीरो टॉलरेंस के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध है द्ध इसके तहत दवा गोदामों से स्वास्थ्य संस्थानों को दवा प्रदाय करने के पूर्व सप्लायर द्वारा आपूर्ति की गयी सभी बैचेस के रैंडम सैंपल को द्धक्क मान्यता प्राप्त लैब्स से गुणवत्ता परीक्षण कराया जाता हैद्ध जिससे स्वास्थ्य संस्थानों में केवल टेस्ट में पास होने वाली दवाओं का वितरण सुनिश्चित हो।

उपरोक्त प्रक्रिया के तहत मेसर्स एफी पैरेंटेरल्स द्वारा वेयर हाउस में सप्लाई किये गए अल्बेंडाजोल टेबलेट्स IP 400 द्वद्द (ड्रग कोड – D12) के बैचेस PGT25451, PGT25450, PGT25480, PGT25229 को अस्पतालों में भेजने से पहले राज्य औषधि परीक्षण एवं अनुसंधान प्रयोगशाला, रायपुर में जांच कराई गयी । जांच में यह बैचेस फेल पाए गए द्ध अतः क्वालिटी के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए सम्बंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट किये जाने हेतु शो कॉज नोटिस जारी किया गया है द्ध साथ ही सम्बंधित फर्म को दवा गोदामों से ही टेस्ट में फैल बैचेस की सम्पूर्ण दवा को वापस लेने का निर्देश दिया गया है । इन बैचेस के अतिरकित इस फर्म द्वारा पूर्व में अल्बेंडाजोल टेबलेट्स IP 400 mg के 14 बैचेस की आपूर्ति की गयी थी जिन्हे NABL टेस्ट रिपोर्ट्स में पास होने के उपरांत स्वास्थ्य संस्थाओं को वितरित किया गया था।

नागरिकों को सर्वोच्च क्वालिटी दवाएं ही उपलब्ध हो इसको सुनिश्चित करने के लिए पूर्व में वितरित बैचेस से भी एक बार पुनः रैंडम सैंपलिंग कर परीक्षण किये जाने का भी निर्णय लिया गया है द्ध इस हेतु उन बैचेस को टेम्पोरेरी होल्ड पर रखने का निर्देश दिया गया है। CGMSC द्वारा दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आगे भी लगातार कार्यवाहियां की जाएँगी।

# ग्रामोद्योग से गाँव-गाँव में रोजगार का होगा विस्तार : गजेंद्र यादव

### कारीगरों को मिलेगा नया बाजार, प्रदेश में बनेगा शिल्प ग्राम और शिल्प नगरी




**रायपुर, 6 सितम्बर।** ग्रामोद्योग, स्कूल शिक्षा एवं विधि विधायी विभाग के मंत्री गजेंद्र यादव ने आज यहां न्यू सर्किट हाउस रायपुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में ग्रामोद्योग विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभाग के अंतर्गत रेशम, हथकरघा, खादी, हस्तशिल्प एवं माटीकला बोर्ड की कार्यप्रगति का विस्तार से आकलन किया गया।

मंत्री यादव ने बताया कि राज्य में लगभग 3.15 लाख हितग्राही ग्रामोद्योग के विभिन्न कुटीर उद्योगों से रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिलों और विकासखंडों में रीपा (ऋद्धक्क) भवनों में ग्रामोद्योग की गतिविधियाँ संचालित कर अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि दोनाक्कपत्तल, कांसा, गोबर से जैविक खाद, पपीता से गुलकंद, फर्नीचर जैसे छोटे उद्योगों की स्थापना कर हितग्राहियों को वित्तीय सहायता दी जाएगी, जिससे नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

इसके अलावा राज्य शासन ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि शासकीय विभागों में केवल राज्य के बुनकरों और कारीगरों द्वारा निर्मित सामग्री की ही आपूर्ति हो। साथ ही रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में शिल्प ग्राम एवं शिल्प नगरी के निर्माण की कार्ययोजना बनाई जाएगी, ताकि कारीगरों को बेहतर विपणन सुविधा मिले और राज्य की शिल्पकला को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जा सके।

बैठक में सचिव सह संचालक ग्रामोद्योग श्याम धावड़े, प्रबंध संचालक हस्तशिल्प एवं माटीकला बोर्ड जे. पी. मौर्य, उप सचिव अर्न मरकाम, अपर संचालक रेशम डॉ. राजेश बघेल, संयुक्त संचालक हथकरघा अ. अयाज़ सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### भानपुरी में बुजुर्ग की हत्या और लूट का पर्दाफाश



- धमतरी पुलिस ने 6 आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया
- पैसे के लालच ने ली बुजुर्ग की जान - हत्या कर की लूट, चाकू, जेवर और नगदी बरामद

**धमतरी, 6 सितंबर।** रात ग्राम भानपुरी निवासी कृतराम साहू (मृतक) अपने घर में सो रहे थे। रात लगभग 2 बजे तीन अज्ञात आरोपी घर में घुसे, जिन्होंने मृतक व उनकी पत्नी को बंधक बनाकर अलमारी से सोने-चांदी के जेवर, नगदी 5,000/- रूपये व मोबाईल लूट लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर कृतराम साहू की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए।

प्रार्थिया रश्मि साहू की रिपोर्ट पर थाना अर्जुनी में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक धमतरी सूरज सिंह परिहार ने घटना को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच के लिए तत्काल अलग अलग टीम गठित किया। टीम द्वारा लगातार आरोपियों की पतासाजी की गई एवं एवं मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### वन मंत्री ने किया सोनपुर में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की नई शाखा का लोकार्पण



**रायपुर, 6 सितंबर।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने नारायणपुर जिले के ग्राम सोनपुर में नवनिर्मित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में मंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

ग्रामीणों ने वन मंत्री से मिनी राइस मिल, सामाजिक भवन, खेल मैदान, किचन शेड और दंतेश्वरी मंदिर के पास शेड निर्माण जैसी मांगें रखी गईं। मंत्री श्री कश्यप ने इन सभी मांगों को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीण बैंक की नई शाखा के खुलने से सोनपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों को बैंकिंग सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होंगी, जिससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, नगर पालिका अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल, जिला पंचायज हीना नाग सहित जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### जनपद पंचायत के बाबू और चपरासी ने मिलकर बेच दी शासकीय रिकॉर्ड और योजनाओं से जुड़ी पुस्तकें

**महासमुंद, 6 सितम्बर।** जिले की जनपद पंचायत में शासन के नियमों को दरकिनार कर सरकारी दस्तावेजों की चोरी-छिपे बिक्री का मामला उजागर हुआ है। आरोप है कि जनपद पंचायत महासमुंद में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 राजेश गजभिए (बाबू) और एक चपरासी ने मिलकर बिना किसी अधिकृत अनुमति के 25 क्विंटल शासकीय रिकॉर्ड, दस्तावेज और योजनाओं से जुड़ी पुस्तकें कबाड़ी को बेच दीं।

यह घटना 10 अगस्त की बताई जा रही है, जब बिना किसी विभागीय प्रस्ताव और वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दिए महत्वपूर्ण रिकॉर्ड को कबाड़ में बेच दिया गया। इससे जो 25,400 की राशि मिली, उसे भी शासन के खाते में जमा नहीं कर, कर्मचारियों ने खुद ही रख लिया।

सरकारी दस्तावेजों को नष्ट या विक्रय करने की एक निर्धारित प्रक्रिया होती है, जिसमें पहले जनपद की सामान्य सभा से प्रस्ताव पारित किया जाता है, फिर दस्तावेजों के सत्यापन के लिए समिति बनती है और तय मापदंडों के अनुसार बिक्री की जाती है। लेकिन इस पूरे मामले में कोई भी कानूनी प्रक्रिया नहीं अपनाई गई।

मामले के सामने आने के बाद जनप्रतिनिधियों में रोष है। जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर और पूर्व सदस्य योगेश्वर चंद्राकर ने इसे नियमों का खुला उल्लंघन बताते हुए कहा कि इस पर लिखित शिकायत की जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने कहा कि यह मामला जांच का विषय है, और विभागीय जांच के बाद ही सच्चाई सामने आएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अब सभी की नजर इस पर है कि क्या प्रशासन इस मामले में दोषियों पर कठोर कदम उठाएगा, या फिर यह मामला भी फाइलों में दबा दिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायगढ़ जिले के ग्राम गढ़ उमरिया में नवगुरुकुल का किया शुभारंभ

# नवगुरुकुल : बालिकाओं की शिक्षा और संस्कारों के संवर्धन की नई पहल



**रायपुर, 6 सितम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज रायगढ़ जिले के प्रवास के दौरान खरसिया तहसील अंतर्गत ग्राम गढ़ उमरिया में नवगुरुकुल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने नवप्रवेशी छात्राओं को लैपटॉप वितरित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

मुख्यमंत्री साय ने नवगुरुकुल में स्थापित आधुनिक कंप्यूटर लैब का निरीक्षण करते हुए शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे बालिकाओं को उच्चस्तरीय शिक्षा और मूल्य आधारित संस्कार प्रदान करें ताकि उनका भविष्य सुनहरा बने।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम गणेशोत्सव, शिक्षक दिवस और चक्रधर समारोह की बधाई दी। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है, इसलिए समाज में उनका सर्वोच्च सम्मान होना चाहिए। मुख्यमंत्री साय ने स्मरण कराया कि पिछले वर्ष चक्रधर समारोह के समापन अवसर पर रायगढ़ में प्रयास विद्यालय का उद्घाटन किया गया था और आज नवगुरुकुल की स्थापना इस कड़ी को आगे बढ़ाती है। उन्होंने इस अभिनव पहल के लिए वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी, नवगुरुकुल की सह-संस्थापक सुश्री निधि और उनकी टीम की प्रशंसा की तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी बालिकाओं को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार लगातार युवाओं के लिए रोजगार सृजन पर कार्य कर रही है। इसके साथ ही निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए नई औद्योगिक नीति लागू की गई है, जिससे प्रदेश के युवाओं को व्यापक लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री साय ने विशेष रूप से नवगुरुकुल संस्था द्वारा जशपुर जिले की 150 बालिकाओं को प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने की सराहना की और इस प्रयास को और व्यापक बनाने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि संस्था में प्रवेश पाने वाली 120 बालिकाएँ अपनी योग्यता और मेहनत का प्रमाण प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए आत्मविश्वास, ऊर्जा, जज्बा, जुनून और कठिन परिश्रम की पराकाष्ठा आवश्यक है। निराशा के लिए जीवन में कोई स्थान नहीं होना चाहिए क्योंकि निराशा के साथ कोई भी व्यक्ति प्रगति नहीं कर सकता। उप मुख्यमंत्री ने सभी बालिकाओं को निरंतर आगे बढ़ने और सफलता हासिल करने की प्रेरणा दी।

एक नजर



## श्रेयस अय्यर बने कप्तान ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ संभालेंगे जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, 6 सितंबर।** श्रेयस अय्यर को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। BCCI की ओर से अय्यर को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। BCCI की सीनियर मेन्स सिलेक्शन कमेटी ने ऑस्ट्रेलिया A के खिलाफ खेले जाने वाले दो बहु-दिवसीय (मल्टी-डे) मुकाबलों के लिए इंडिया A टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम की कमान अनुभवी बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को सौंपी गई है। अय्यर को एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया था। फिलहाल वह दलीप ट्रॉफी 2025 के दूसरे सेमीफाइनल में वेस्ट जोन की ओर से सेंट्रल जोन के खिलाफ खेल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया A के खिलाफ एन जगदीशन को बतौर विकेटकीपर टीम में शामिल किया गया है जबकि ध्रुव जुरेल को उपकप्तान का जिम्मा सौंपा गया है। जगदीशन दलीप ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में साउथ जोन के लिए खेल रहे हैं। नॉर्थ जोन के खिलाफ जगदीशन ने पहली पारी में शानदार 197 रनों की पारी खेली। युवा बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल, आयुष बडोनी और नितीश कुमार रेड्डी का नाम भी टीम में है।गेंदबाजी की बात की जाए तो प्रसिद्ध कृष्णा, गुर्नूर बराड़, खलील अहमद, मानव सुथार और यश ठाकुर जैसे गेंदबाजों को मौका दिया गया है।

# अल्काराज यूएस ओपन के फाइनल में, नोवाक जोकोविच को हराया

## अब डिफेंडिंग चैंपियन सिनर से होगी भिड़ंत



**न्यूयॉर्क, 6 सितंबर।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को हराकर यूएस ओपन के फाइनल में जगह बना ली है। शुक्रवार देर रात खेला गया मुकाबला आर्थर ऐश स्टेडियम में 2 घंटे 23 मिनट तक चला। जिसमें अल्काराज ने जोकोविच को सीधे सेटों में 6-4, 7-6 (4), 6-2 से मात दी।

अल्काराज का सामना फाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर से होगा। सिनर ने एक अन्य सेमीफाइनल में कनाडा के फेलिक्स ऑजे-अलियासिम को हराया।

38 साल के जोकोविच इस साल चारों ग्रैंड स्लैम के सेमी फाइनल तक पहुंचे, लेकिन हर बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। तीन बार उन्हें अल्काराज या फिर दुनिया के नंबर-1 जैनिक सिनर ने हराया। मैच के बाद जोकोविच ने कहा कि उम्र के साथ लंबा खेल पाना मुश्किल हो जाता है और यह निराशाजनक भी है। अल्काराज ओपन एरा में बिना सेट गंवाए कोई भी ग्रैंड स्लैम जीतने वाले पांचवें और स ओपन खिताब जीतने वाले पहले मेंस खिलाड़ी बन सकते हैं। स्पेनिश स्टार ने इस साल अब तक न्यूयॉर्क में खेले गए छह मैचों में एक भी सेट नहीं गंवाया है। वे 18 सेट में सिर्फ58 गेम हारे हैं, यानी औसतन हर सेट में तीन से थोड़ा ज्यादा गेम गंवाए हैं। पूरे टूर्नामेंट में उन्हें सिर्फदो टाई-ब्रेक खेलने पड़े हैं।

टेनिस में 1968 में ओपन एरा की शुरुआत हुई। जब सभी खिलाड़ियों (एमेच्योर और प्रोफेशनल) को चारों ग्रैंड स्लैम में हिस्सा लेने की अनुमति दी गई। इसे ओपन एरा कहा जाता है। इससे पहले, ग्रैंड स्लैम और बड़े टूर्नामेंट में केवल शौकिया (एमेच्योर) खिलाड़ी खेल सकते थे। जबकि प्रोफेशनल खिलाड़ी इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं ले सकते थे।

जोकोविच ने अल्काराज और सिनर की तारीफ करते हुए कहा कि ये दोनों खिलाड़ी इस समय उनसे बेहतर हैं। उन्होंने कहा, अगर मुझे किसी से हारना हो, तो मैं इन दोनों से हारना पसंद करूंगा। मैं जानता हूं कि वे इस समय मुझसे बेहतर हैं। उन्हें बधाई देनी होगी। इस सीजन में जोकोविच का रिकॉर्ड 31 जीत और 10 हार का रहा है।

जोकोविच को इस टूर्नामेंट में मैच के दौरान फिटनेस समस्याओं से जूझना पड़ा है। सेमी फाइनल के दौरान भी उन्हें कंधों का इलाज करवाना पड़ा। वहीं,चौथे राउंड में जान-लेनार्ड स्ट्रफ के खिलाफ मैच के दौरान जोकोविच ने अचानक अपनी गर्दन पकड़ ली और सिर हिलाने लगे।

ट्रेनर ने उनकी गर्दन और कंधे की मसाज की। उसके बाद फिर से दूसरे सेट के बाद ट्रेनर ने उनके दाएं हाथ की मसाज की। पहले राउंड में उनके पैर में छाले की समस्या थी, जबकि तीसरे राउंड में कमर के निचले हिस्से में दर्द था। जोकेविच को चौथे राउंड में गर्दन में दर्द था। ट्रेनर ने मैच के दौरान उनकी गर्दन की मसाज की थी।

## अफगानिस्तान ने यूएई को 4 रन से हराया



**शारजाह, 6 सितंबर।** शारजाह में खेले गए ट्राई सीरीज के तीसरे मुकाबले में अफगानिस्तान ने यूएई को 4 रन से हराया। इस मैच में आखिरी ओवर तक जीत-हार को लेकर सस्पेंस बना रहा। अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फरीद अहमद ने आखिरी ओवर में शानदार गेंदबाजी कर अपनी टीम को जीत दिलाई। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट के नुकसान पर 170 रन बनाए। वहीं, 171 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी,श्व ने 166 रन ही बना सकी। इस मैच में अफगानिस्तान ने अपनी दूसरी पंक्ति की टीम उतारी थी, जिसमें उनके नियमित कप्तान राशिद खान सहित छह प्रमुख खिलाड़ी शामिल नहीं थे।

यूएई को जीत के लिए अंतिम ओवर में 16 रन चाहिए थे। अफगानिस्तान की ओर से फरीद अहमद गेंदबाजी कर रहे थे। पहली दो गेंदों पर आसिफ खान ने चौका और छक्का जड़कर यूएई की जीत लगभग तय कर दी। आसिफ उस समय 40 रन पर खेल रहे थे, लेकिन अगली चार गेंदों पर फरीद ने सिर्फ दो रन दिए और आखिरी गेंद पर विकेट लेकर अफगानिस्तान को जीत दिलाई। अफगानिस्तान को इब्राहिम जदरान और रहमानुल्लाह गुरबाज ने अच्छी शुरुआत दी। दोनों के बीच 72 गेंदों पर 98 रन की साझेदारी हुई। जदरान ने 34 गेंदों पर 48 रन बनाए। रहमानुल्लाह गुरबाज ने 38 गेंदों पर 40 रन बनाए। 13वें, 14वें और 15वें ओवर में केवल 16 रन बने, लेकिन अगले तीन ओवरों में 36 रन जोड़े गए।

## टीम इंडिया की दुबई में एशिया कप की तैयारी शुरू

**नई दिल्ली, 6 सितंबर।** भारतीय क्रिकेट टीम ने शुक्रवार को दुबई के ICC अकादमी में टी-20 एशिया कप 2025 के लिए अपने पहले अभ्यास सत्र के साथ तैयारियां शुरू कर दी हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुआई में टीम इस आठ देशों के टूर्नामेंट में अपनी दूसरा टी-20 खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट की शुरुआत 9 सितंबर से होगी। क्रिकेट की वेबसाइट श्वस्क्क क्रिक इंफो की ओर से सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कप्तान सूर्यकुमार यादव, मुख्य कोच गौतम गंभीर, ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, संजू सैमसन, तिलक वर्मा, गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल, स्पिन जोड़ी वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव, रिंकू सिंह सहित कई खिलाड़ी द्बष्ट



अकादमी में अभ्यास के लिए जाते दिखे। अभ्यास के दौरान विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन और अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आपस में बातचीत करते हुए भी देखा गया। इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट सीरीज के बाद भारतीय टीम लगभग एक महीने के ब्रेक के बाद इस बड़े टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है। यह टी-20 फॉर्मेट में भारत का पहला प्रमुख टूर्नामेंट है। टीम प्रबंधन ने BCCI सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में कोई तैयारी कैंप आयोजित नहीं किया और इसके बजाय खिलाड़ियों को दुबई में जल्दी पहुंचकर वहां के मौसम और परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाने का मौका दिया।

बुमराह की टी-20 फॉर्मेट में वापसी हो रही है। उन्होंने आखिरी बार 2024 टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में ब्रिजटाउन में खेला था, जहां उनके 2/18 के शानदार प्रदर्शन ने भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफसात रन से जीत दिलाई थी। बुमराह को उस टूर्नामेंट में 15 विकेट के साथ प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में दो टेस्ट मिस करने के बाद आलोचनाओं का सामना करने वाले बुमराह 40 दिन के ब्रेक के बाद टीम में लौटे हैं। अभ्यास के दौरान उन्हें अभिषेक शर्मा के साथ हल्की-फुल्की बातचीत करते देखा गया।

## वनडे वर्ल्ड कप : पाक विमेंस टीम ओपनिंग सेरेमनी में भारत नहीं आएगी

### 30 सितंबर को गुवाहाटी में होगा आयोजन, पाकिस्तान के सभी मैच श्रीलंका में खेले जाएंगे

**नई दिल्ली, 6 सितंबर।** पाकिस्तान की विमेंस क्रिकेट टीम भारत में होने वाले ICC वनडे वर्ल्ड कप के ओपनिंग सेरेमनी में हिस्सा नहीं लेगी। सेरेमनी 30 सितंबर को गुवाहाटी में होनी है। टूर्नामेंट की मेजबानी भारत और श्रीलंका कर रहे हैं। ओपनिंग सेरेमनी में भारतीय गायिका श्रेया घोषाल परफॉर्म करेंगी। दिसंबर में ICC मीटिंग में फैसला हुआ था कि भारत और पाकिस्तान की टीमें 2027 तक एक-दूसरे के देश में जाकर क्रिकेट नहीं खेलेंगी। पाकिस्तानी टीम भी 2027 तक किसी भी टूर्नामेंट के लिए भारत नहीं आएगी। किसी भी टूर्नामेंट में दोनों टीमों के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे। माना जा रहा है कि पाकिस्तान का ओपनिंग सेरेमनी में



नहीं आने का यह फैसला इसी नीति का हिस्सा है।

**पाकिस्तान के सभी मैच हाइब्रिड मॉडल पर होंगे**

पाकिस्तान के सभी मैच हाइब्रिड मॉडल पर श्रीलंका में खेले जाएंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच हुए हाइब्रिड समझौते के अनुसार, पाकिस्तान की टीम अपने सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू कोलंबो में खेलेगी। इनमें बांग्लादेश (2 अक्टूबर), इंग्लैंड (15 अक्टूबर), न्यूजीलैंड (18 अक्टूबर), साउथ अफ्रीका (21 अक्टूबर) और श्रीलंका (24 अक्टूबर) के खिलाफ मैच शामिल हैं।

**पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव**


अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से 6-7 मई को ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया था। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंध खराब हैं। ऐसे में वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की टीम खेलने के लिए भारत नहीं आएती।

व्यापार

# मेड इन इंडिया चिप्स पर चलने वाले टेलीकॉम सिस्टम को मिला टीईसी सर्टिफिकेशन : अश्वनी वैष्णव

**नई दिल्ली, 06 सितंबर।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि केवल घरेलू स्तर पर उत्पादित चिप्स का इस्तेमाल करने वाले टेलीकॉम सिस्टम को स्टैंडर्ड्स और क्वालिटी टेस्ट पास करते हुए टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग सेंटर (टीईसी) से सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस प्रगति की प्रशंसा करते हुए इसे देश के सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए एक बड़ी छलांग बताया।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने एक्स पर लिखा, भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा के लिए एक बड़ी छलांग! पहली बार, भारत में निर्मित चिप्स पर चलने वाले एक टेलीकॉम सिस्टम ने मानकों और गुणवत्ता परीक्षणों (टीईसी सर्टिफिकेशन) को पास कर लिया है।



टीईसी सर्टिफिकेशन दूरसंचार विभाग का गुणवत्ता मानक है, जो यह सुनिश्चित करता है कि दूरसंचार उपकरण सख्त प्रदर्शन और सुरक्षा मानकों को पूरा करते हैं। घरेलू स्तर पर रोलआउट की मंजूरी के साथ, इस अप्रूवल ने भारत के स्थानीय चिप्स को वैश्विक समकक्षों के साथ खड़ा कर दिया है, जिससे निर्यात के अवसर खुल गए हैं। यह उपलब्धि आयातित सेमीकंडक्टरों पर निर्भरता कम करने में प्रगति का संकेत देती है, जो हाल ही में वैश्विक स्तर पर आई कमी के कारण उजागर हुई एक कमजोरी है।विश्लेषकों का कहना है कि डिजाइन, असेंबली, टेस्टिंग और इंटीग्रेशन में क्षमता बढ़ाने की भारत की रणनीति देश को सप्लाई चेन की कमियों को दूर करने में सक्षम बनाती है।

ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन और अमेरिका चिप उत्पादन में अग्रणी हैं, इसलिए उनका केंद्रीकरण सप्लाई चेन जोखिम पैदा करता है, जिसे भारत कम करना चाहता है।

सेमीकंडक्टर लिथोग्राफी में वैश्विक अग्रणी, सेमीकंडक्टर उपकरण निर्माता एएसएमएल होल्डिंग एनवी ने हाल ही में आगामी वर्ष में भारतीय व्यवसायों के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत करने के इरादे की घोषणा की है। सेमीकंडक्टर सेक्टर में घरेलू विनिर्माण और डिजाइन को बढ़ावा देने के लिए 76,000 करोड़ रुपए की उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के साथ 2021 में इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) शुरू किया गया था।

इस योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की कुल लागत 1.60 लाख करोड़ रुपए है, जिसमें धोलेरा में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की 91,000 करोड़ रुपए की फैब, साणंद में माइक्रोन की 22,516 करोड़ रुपएय की पैकेजिंग सुविधा और अगस्त में शुरू हुई सीजी पावर की नई ओएसएटी पायलट लाइन शामिल है।

भारत 28एनएम-65एनएम रेंज में मैच्योर नोड्स पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जो टेलीकॉम, ऑटोमोटिव और औद्योगिक एप्लीकेशन के लिए आवश्यक हैं। भारत का सेमीकंडक्टर बाजार 2023 में 38 अरब डॉलर का था और 2024-25 में 45 से 50 अरब डॉलर और 2030 तक 100 से 110 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। वैश्विक स्तर पर, सेमीकंडक्टर बाजार उसी वर्ष तक 1 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ने का अनुमान है।

## भारतीय आईटी कंपनियों को लग सकता है बड़ा झटका! आउटसोर्सिंग रोकने पर विचार कर रहे ट्रंप : लॉरा लूमर

**नई दिल्ली, 6 सितंबर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारतीय आईटी कंपनियों के लिए मुश्किल खड़ी कर सकते हैं। फार-राइट एक्टिविस्ट लॉरा लूमर ने दावा किया है कि ट्रंप अमेरिकी कंपनियों को भारतीय फर्मों को काम आउटसोर्स करने से रोकने पर विचार कर रहे हैं। यह खबर भारत के लिए चिंता की बात है, क्योंकि आईटी सेक्टर देश की अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा है। लॉरा लूमर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि ट्रंप अमेरिकी द्बञ्ज कंपनियों को भारत को काम देने से रोक सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह कदम उठाया गया तो अमेरिका में कस्टमर सर्विस कॉल करने पर अब अंग्रेजी के लिए नंबर दबाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। लूमर ने इसे मेक कॉल सेंटर्स अमेरिकन अगेन का नारा दिया।

अमेरिकी एक्टिविस्ट जैक पोसोबिएक ने भी इस मुद्दे पर आवाज उठाई है। उन्होंने सुझाव दिया कि विदेशी रिमोट वर्कर्स और



आउटसोर्सिंग पर टैरिफलगाया जाए। पोसोबिएक ने कहा कि दूसरे देशों को अमेरिका को सर्विस देने के लिए टैरिफ देना चाहिए, जैसे सामान पर लगता है। उन्होंने इसे सभी इंडस्ट्रीज पर लागू करने की बात कही। व्हाइट हाउस के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने भी पोसोबिएक के इस बयान का समर्थन किया। नवारो ने लिखा कि भारत जैसे देशों को आउटसोर्सिंग से अमेरिकी कामगारों की मजदूरी और नौकरियों पर असर पड़ता है।

ट्रंप प्रशासन पहले ही भारत और ब्राजील जैसे देशों पर 50 फीसदी तक टैरिफ लगा चुका है। अगर आउटसोर्सिंग पर भी प्रतिबंध या टैरिफ लगता है, तो भारत के आईटी सेक्टर को बड़ा झटका लग सकता है। इससे तकनीकी, सपोर्ट और बैकएंड जॉब्स में नौकरियों का नुकसान हो सकता है।

मोदी-ट्रंप के रिश्तों पर चर्चा

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-अमेरिका रिश्तों पर ट्रंप के बयान का स्वागत किया है। मोदी ने ङ्ग पर लिखा कि वे ट्रंप के सकारात्मक नजरिए की सराहना करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच गहरी और रणनीतिक साझेदारी है।

**ट्रंप ने की मोदी की तारीफ**

शुक्रवार को ओवल ऑफिस से बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि उनके और मोदी के बीच अच्छी दोस्ती है। उन्होंने मोदी को एक शानदार प्रधानमंत्री बताया। हालांकि, उन्होंने भारत के रूस से तेल आयात पर चिंता जताई। फिर भी ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच रिश्ते मजबूत हैं और कभी-कभी छोटी-मोटी बातें होती रहती हैं।

## पॉलिसीधारक कर सकते हैं फ्री लुक पीरियड का इस्तेमाल

**नई दिल्ली, 6 सितंबर।** व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से छूट दिए जाने के बाद पॉलिसीधारक बीमा पॉलिसियों की खरीद टालने के लिए फ्री लुक पीरियड का विकल्प अपना सकते हैं, जिससे जीएसटी प्रीमियम पर शून्य जीएसटी का लाभ उठा सकें। बीमा पॉलिसियों में फ्री लुक पीरियड के दौरान पॉलिसीधारक खरीद के 30 दिन के भीतर उसकी समीक्षा कर सकता है और उसे रद्द कर सकता है। जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू होंगी।

जीवन बीमा कंपनी के एक अधिकारी के मुताबिक, 'इस बात की संभावना है कि पॉलिसीधारक फ्री लुक पीरियड का इस्तेमाल करें और फिर 22 सितंबर के बाद



खरीदारी करें। लोग फ्री लुक के बारे में जानते हैं और यह हो सकता है। प्रोटेक्शन बिजनेस में जीएसटी करीब 18 प्रतिशत है और यह उद्योग में सिर्फ 5 से 6 प्रतिशत है। शेष सेग्मेंट में सिर्फ 4 से 5 प्रतिशत जीएसटी है और इन पॉलिसियों में संभवतः लोग फ्री लुक पीरियड का इस्तेमाल नहीं करेंगे।' जीएसटी परिषद ने सभी व्यक्तिगत जीवन बीमा पॉलिसियों को जीएसटी से छूट देने का फैसला किया है, जिसमें टर्म लाइफ, यूनिट लिंक्ड (यूलिप) और एंडोमेंट पॉलिसियों के साथ पुनर्बीमा भी शामिल है।

## अदाणी पावर और ड्रूक ग्रीन पावर भूटान में 570 मेगावाट की जलविद्युत परियोजना करेंगे स्थापित

**अहमदाबाद, 06 सितंबर ।** अदाणी पावर और भूटान की सरकारी स्वामित्व वाली बिजली उत्पादन कंपनी ड्रुक ग्रीन पावर कॉर्प लिमिटेड (डीजीपीसी) ने शनिवार को भूटान में 570 मेगावाट की वांगछू हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट स्थापित करने के लिए शेयरहोल्डर्स एग्रीमेंट (एसएचए) पर हस्ताक्षर किए। पावर परचेस एग्रीमेंट (पीपीए) पर सैद्धांतिक सहमति भी बनी और डेवलपर्स ने भूटान की शाही सरकार के साथ प्रोजेक्ट के लिए रियायत समझौते (सीए) पर भी हस्ताक्षर किए। भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे और अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी की उपस्थिति में समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इस



कदम से अदाणी पावर और डीजीपीसी के लिए रन-ऑफ-रिवर वांगछू हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन को बीओओटी (बिल्ड, ओन, ऑपरेट, ट्रांसफर) मॉडल पर शुरू करने का मार्ग प्रशस्त होता है। अदाणी पावर के सीईओ एसबी ख्यालिया ने कहा, भूटान सस्टेनेबल डेवलपमेंट में दुनिया के लिए एक आदर्श है और हम इस रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट के माध्यम से देश के प्राकृतिक संसाधनों के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए बेहद उत्साहित हैं। वांगछू हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट सर्दियों में भूटान की सबसे ज्यादा डिमांड को महत्वपूर्ण रूप से पूरा करेगी, जब जल विद्युत उत्पादन कम होता है। गर्मियों के महीनों के दौरान, यह भारत को बिजली निर्यात करेगी। वांगछू प्रोजेक्ट में रिन्यूएबल एनर्जी पावर प्लांट और संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना में लगभग 60 अरब रुपए का निवेश होगा। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की तैयारी पूरी हो चुकी है और निर्माण कार्य 2026 की पहली छमाही तक शुरू होने की उम्मीद है। इसे शिलान्यास के पांच साल के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। डीजीपीसी के प्रबंध निदेशक, दाशो छेवांग रिनजिन ने कहा, भूटान और भारत 1960 के दशक से ही भूटान की विशाल जलविद्युत क्षमता का दोहन करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। जलविद्युत के क्षेत्र में इस सहयोग से दोनों देशों को अत्यधिक लाभ हुआ है और इसे दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों की आधारशिला माना जाता है।

## जीएसटी सुधारों से वाहनों की कीमतों में 8.5 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है: रिपोर्ट

**नई दिल्ली, 6 सितंबर।** केंद्र सरकार द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) स्ट्रक्चर में तीन स्लैब 5 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 40 प्रतिशत का बदलाव का फैसला ऑटोमोबाइल उद्योग और ग्राहकों के लिए फायदेमंद साबित होगा। गुरुवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, इस उद्योग के सभी सेगमेंट में कीमतें 8.5 प्रतिशत तक कम हो जाएंगी।

क्रिसिल इंटेलिजेंस की एक रिपोर्ट के अनुसार, इंटरनल कम्बशन इंजन (आईसीई) और हाइब्रिड वाहनों के मामले में, 1,200 सीसी से कम पेट्रोल या 1,500 सीसी से कम डीजल इंजन वाले एंट्री-लेवल हैचबैक, प्रीमियम हैचबैक, कॉम्पैक्ट सेडान और सब-कॉम्पैक्ट स्पोर्ट यूटिलिटी व्हीकल्स (एसयूवी) की कीमतों में लगभग 8.5 प्रतिशत की गिरावट आएगी। इस बीच, 1,500 सीसी से कम क्षमता वाली बड़ी सेडान, कॉम्पैक्ट एसयूवी, मिड-एसयूवी और बहुउद्देश्यीय वाहनों (एमपीवी) की कीमतों में लगभग 3.5 प्रतिशत की कमी आएगी। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि 1,500 सीसी से अधिक इंजन वाली प्रीमियम एसयूवी और एमपीवी की कीमतों में लगभग 6.7 प्रतिशत की गिरावट आएगी। आईसीई दोपहिया वाहनों के मामले में, एक को छोड़कर लगभग सभी श्रेणियों की कीमतों में लगभग 7.8 प्रतिशत की कमी आएगी। रिपोर्ट में कहा गया है, 350 सीसी से अधिक इंजन वाले प्रीमियम दोपहिया वाहनों की कीमतों में लगभग 6.9 प्रतिशत की वृद्धि होगी। आईसीई ट्रैक्टरों और हाइड्रोजन वाहनों सहित ईंधन सेल मोटर वाहनों के मामले में, कीमतों में लगभग 6.3 प्रतिशत की गिरावट आएगी।

**एक नजर**

## अधेड़ के खाते से 4 लाख 80 हजार पार

**रायपुर, 6 सितम्बर।** अधेड़ के मोबाइल को हैक कर अज्ञात व्यक्ति ने उसके खाते से 4 लाख 80 हजार रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवेन्द्र सिंह रिसम 57 वर्ष पुराना जनता कालोनी न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात व्यक्ति ने उसके मोबाइल को हैक कर बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से कई बार में 4 लाख 80 हजार रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच मं लिया है।

## नव्या व विधि की पूछताछ में चौंकाने वाले राज उजागर, बड़े नेटवर्क की जांच शुरू

**रायपुर, 6 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में ड्रग्स तस्करी और हाई-प्रोफाइल टेक्नो पार्टी नेटवर्क से जुड़ा मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस केस में मुख्य आरोपी नव्या मलिक और इवेंट मैनेजर विधि अग्रवाल को पुलिस ने आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की, जिसमें मुंबई, पुणे, गोवा और रायपुर में ड्रग्स पार्टी नेटवर्क के कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया है कि ये हर महीने मुंबई और गोवा जाया करते थे, जहां रईस घरानों के युवाओं के लिए पूरी रात चलने वाली नशे की पार्टियां आयोजित होती थीं। रायपुर में नवा रायपुर, मंदिर हसौद, वीआईपी रोड और चंद्रखुरी जैसे इलाकों के होटल, रिसॉर्ट, क्लब और फार्महाउस इन अवैध गतिविधियों के केंद्र बने हुए थे। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि इन पार्टियों में शुरू में 25-30 लोग शामिल होते थे, लेकिन रात 1 बजे के बाद यह दायरा 10-15 चुनिंदा लोगों तक सिमट जाता था, जहां ड्रग्स का सेवन और अश्लील गतिविधियां होती थीं।

## पीएम आवास योजना के नाम पर 3.40 लाख की ठगी, भाजपा नेत्री गिरफ्तार

**बिलासपुर, 6 सितम्बर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर धोखाधड़ी का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें भाजपा नेत्री सपना सराफ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सपना पर आरोप है कि उसने दो महिलाओं से आवास दिलाने का झांसा देकर 3 लाख 40 हजार रुपये की ठगी की। यह मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। ठगी का शिकार बनी उमा साहू और संतोषी विश्वकर्मा जब लंबे समय तक आवास नहीं मिलने से परेशान हुईं, तो उन्होंने कलेक्टर संजय अग्रवाल के जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराई। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए। जांच के बाद नगर निगम क्लर्क सौरभ तिवारी ने सरकंडा थाने में सपना सराफके खिलाफएफआईआर दर्ज कराई। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी सपना सराफने राजकिशोर नगर स्थित कल्याण बाग में रहकर पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने का झांसा दिया और फर्जी रसीदें देकर पीड़ितों से लाखों रुपये वसूल लिए।

## फिश करी के लिए बेटे ने मां की बेरहमी से की हत्या, इलाके में मचा हड़कंप

**रायपुर, 6 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले से हत्या का एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां मछली सब्जी (फिश करी) बनाने को लेकर हुए मामूली विवाद में कलयुगी बेटे ने अपनी मां की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। यह घटना राजिम फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम जोगिडीपा की है। जानकारी के अनुसार, आरोपी बेटे कमलेश नंदे (35 वर्ष) और उसकी मां चंदा नंदे (55 वर्ष) के बीच अक्सर रोजमर्रा की बातों को लेकर कहासुनी होती रहती थी। शनिवार को घर में मछली सब्जी (फिश करी) को लेकर दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर बेटे ने कुल्हाड़ी से वार कर अपनी मां को मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलते ही फिंगेश्वर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस ने मृतका का शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। इस वारदात ने एक बार फिर रिश्तों की संवेदनशीलता और बिगड़ते पारिवारिक हालातों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### प्रदेश में 60 प्रतिशत से ज्यादा संविदा कर्मचारी एनएचएम से

# 75 हजार मितानिन व 16 हजार एनएचएम कर्मी हड़ताल पर... हेल्थ सिस्टम बीमार

**रायपुर, 6 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ बन चुके मितानिनों और एनएचएम कर्मचारियों एक साथ हड़ताल पर हैं। ग्रामीण इलाकों में अधिकांश स्वास्थ्य केंद्र इनके भरोसे ही चलते हैं। हड़ताल की वजह से टीकाकरण और नवजात बच्चों की देखभाल जैसे काम बाधित हो गए हैं। इससे प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था लड़खड़ा गई है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर और कुल प्रजनन दर में कमी लाना, मलेरिया-टीबी की रोकथाम के लिए टीकाकरण होता है। यह ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए किया जाता है। इनमें एएनएम, स्टाफ नर्स, सीएचओ की संख्या सबसे ज्यादा है। मैनेजमेंट श्रेणी में चार हजार कर्मी और 12 हजार कर्मी सर्विस सेक्टर में हैं। इनके माध्यम से स्वास्थ्य विभाग का पूरा सिस्टम चल रहा है।

18 अगस्त से यह काम पूरी तरह से प्रभावित है। डाटा एंट्री से लेकर स्वास्थ्य विभाग की डेली रिपोर्टिंग भी पूरी तरह से प्रभावित है। स्वास्थ्य केंद्रों में सिर्फ 38 प्रतिशत कर्मचारी ही उपस्थिति दे रहे हैं, जबकि 60 फीसदी से ज्यादा संविदा कर्मचारी एनएचएम से जुड़े हुए हैं।

नवा रायपुर समेत सभी जिला मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन एनएचएम कर्मचारी संगठन द्वारा नवा रायपुर के धरना स्थल पर लगातार प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके अलावा सभी जिला मुख्यालयों में संबंधित जिले के कर्मचारी धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके कारण प्रदेशभर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ताला लग गया है और लोग परेशान हो रहे हैं। सरकार की ओर से कड़ाई किए जाने के विरोध में वे आंदोलन और बुलंद करने की चेतावनी दे रहे हैं।



### गांवों में गर्भवतियों की देखभाल में लापरवाही

इधर, छत्तीसगढ़ में 75 हजार मितानिनें 7 अगस्त से लगातार हड़ताल पर हैं। ये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में गर्भवतियों की देखभाल, टीकाकरण, कुपोषण उन्मूलन और स्वास्थ्य जागरूकता करती हैं। इसी तरह बीमारियों की रोकथाम और प्राथमिक उपचार के साथ ही स्वास्थ्य शिक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### एनएचएम कर्मियों ने हड़ताल उग्र करने की दी चेतावनी

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रमुख डॉ. अमित मिरी ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री से अपील की है कि एनएच कर्मियों की मांगे पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि मप्र में मिशन के कर्मचारियों को सभी सुविधा प्रदान की जाती है छग में यह सुविधा प्रदान की जाए। शासन के प्रमुख सचिव अमित कटारिया ने आंदोलन रत कर्मियों को चेतावनी दी है कि उन्होंने हड़ताल से नहीं लौटे तो उन्हें बर्खास्त कर दिया जाएगा। पदाधिकारियों के अनुसार 25 लोगों को बर्खास्त कर दिया गया है। आज अवकाश के दिन भी आंदोलन जारी रहा। एनएच कर्मियों हड़ताल के कारण पुनर्वास केंद्र पोषण बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण प्रसव कार्य टीकाकरण शिशु स्वास्थ्य केंद्र सुविधाएं बाधित हुई है।

# शिक्षक दिवस पर टीचर्स का हुआ अपमान : कांग्रेस

### राजभवन में लाइन लगवाकर पहले ही मोमेंटो-प्रशस्ति पत्र पकड़ाया, संघ बोला- यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन

**रायपुर, 6 सितम्बर।** शिक्षक दिवस पर राजभवन में समारोह को लेकर कांग्रेस और शिक्षक संघ ने कड़ी आपत्ति जताई है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि, यह कार्यक्रम शिक्षकों के सम्मान का नहीं बल्कि अपमान का प्रतीक बन गया।

वहीं, शालेय शिक्षाकर्मी संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने कहा कि कार्यक्रम के लिए शिक्षकों का ड्रेस कोड रखा गया था। इस कार्यक्रम में शिक्षकों के व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन हुआ। इससे पहले भी राज्यपाल रहे है। उन्होंने पूर्व में अपने हाथों से शिक्षकों को सम्मानित किया। शिक्षा विभाग इस नई परंपरा का सुधार करें।

**अगर आदर से सम्मानित नहीं करना था तो बुलाया क्यों? :** कांग्रेस नेता सुशील आनंद ने सवाल उठाया कि, अगर शिक्षकों को सम्मानित करने का समय और शिष्टाचार नहीं था, तो उन्हें कार्यक्रम में बुलाया ही क्यों गया। उन्होंने कहा कि आपके पास इतना समय नहीं है कि आप अपने हाथों से मोमेंटो दें, प्रमाण पत्र दें? राजभवन अधिकारियों की यह कोताही बर्दाश्त के योग्य नहीं है।

**व्यक्तिगत सम्मान होना चाहिए था:** शालेय शिक्षाकर्मी संघ अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने कहा कि, शिक्षकों का वित्तीय बोझ पहले से ही बहुत है, और ऐसे में शिक्षकों पर ड्रेस कोड थोपना भी उचित नहीं है। दुबे ने कहा कि उन्होंने कहा कि शिक्षकों को व्यक्तिगत रूप से बुलाकर राज्यपाल के हाथों से सम्मानित किया जाना चाहिए था।

लेकिन इस बार पांच-पांच के समूह में बुलाकर पहले से ही प्रशस्ति पत्र और सामग्री दे दी गई। इस बार राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में ऐसा लगा जैसे केवल फोटो सेशन किया जा रहा हो। यह गलत परंपरा शिक्षा विभाग ने शुरू की है, जिसे तत्काल रोका जाना चाहिए।



### मुख्यमंत्री-शिक्षा मंत्री की मौजूदगी में हुआ अपमान



कांग्रेस प्रवक्ता सुशील ने कहा कि, जब शिक्षकों का सम्मान किया जा रहा था उस दौरान मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री की मौजूदगी में यह सब हुआ और शिक्षा मंत्री को इस विषय पर ध्यान देना चाहिए था। उन्होंने कहा कि कहीं न कहीं यह केवल राज्य के उत्कृष्ट शिक्षकों का ही नहीं, बल्कि प्रदेश के सभी शिक्षकों का अपमान है।कांग्रेस पार्टी ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और कहा है कि भाजपा सरकार और राजभवन को शिक्षकों से इस आचरण के लिए माफी मांगनी चाहिए।

# भाजपा के मीडिया ग्रुप से अनुराग-अमित रिमूव

- कांग्रेस नेता स्क्रीन शॉट और वीडियो शेयर बोले- अनुशासनहीनता की खुली पोल, बीजेपी में गुटबाजी चरम सीमा पर

**रायपुर, 6 सितम्बर।** भारतीय जनता पार्टी के आंतरिक वॉट्सऐप मीडिया ग्रुप से अचानक दो सक्रिय पदाधिकारी अनुराग अग्रवाल और अमित चिमनानी को हटा दिया गया। इन सक्रिय नेताओं के हटाने का कारण पर बीजेपी नेताओं ने चुप्पी साध रखी है, लेकिन विपक्षी कांग्रेस नेताओं ने इस मुद्दे को तुरंत भुनाने की कोशिश की। कांग्रेस नेता धनंजय ठाकुर ने सोशल मीडिया पर स्क्रीन शॉट और वीडियो शेयर करते हुए कहा कि, भाजपा में आंतरिक मतभेद और अनुशासनहीनता लगातार बढ़ रही है। कांग्रेस प्रवक्ताओं ने आरोप लगाया कि जो पार्टी खुद को अनुशासन का प्रतीक बताती है, उसके कार्यकर्ताओं की आपसी खींचतान अब सार्वजनिक मंचों पर उजागर हो रही है।

### भाजपा में गुटबाजी चरम सीमा पर : कांग्रेस

कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय ठाकुर ने कहा कि, भाजपा में गुटबाजी चरम सीमा पर है। सिर फुटव्वल मची हुई है। बीजेपी के पूर्व मीडिया प्रभारी और बीजेपी नेताओं को बाहर कर दिया गया है। वहीं पहले भी देख चुके है कि, किस तरह से कार्यकर्ता सम्मान समारोह में अजय चंद्राकर मंच पर ही मोमेंटो और गमछा फेंक कर आ गए थे। भाजपा नेता नरेश गुप्ता सोशल मीडिया में भाजपा कार्यशैली के खिलाफआक्रोश जता चुके है। भाजपा खुद को अनुशासन वाली पार्टी बताती है, लेकिन उनकी अनुशासनहीनता सामने आ रही है। कांग्रेस नेताओं के बयानों पर अब तक बीजेपी प्रवक्ताओं ने जवाब नहीं दिया है।

# दुर्व्यवहार की शिकायतों के बाद नई व्यवस्था शुरू की गई

- शराब तो नहीं पी... ये जानने के लिए टीटीई को ड्यूटी पर आने-जाने में ब्रेथ एनलाइजर टेस्ट से गुजरना होगा

**रायपुर, 6 अगस्त।** विमान के केबिन क्रू की तर्ज पर अब रायपुर रेलवे के टीटीई का भी टेस्ट होगा कि कहीं उसने शराब तो नहीं पी रखी है। रेलवे ने प्रयोग के तौर पर मंडल में सबसे पहले रायपुर स्टेशन में ब्रेथ एनलाइजर टेस्ट मशीन लगाकर ट्रायल भी शुरू कर दिया है। टेस्ट पॉजिटिव पाए जाने पर टीटीई ड्यूटी पर नहीं जा पाएगा। ठीक इसी तरह टीटीई को लौटने पर इसी टेस्ट से गुजरना होगा। शराब की पुष्टि होने पर ड्यूटी पर नहीं जा सकेगा। साथ ही रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

ब्रेथ एनलाइजर मशीन को टीटीई की यूनीक आईडी से जोड़ा गया है। टीटीई ड्यूटी पर जाने से पहले मशीन में फूंक मारेगा। नशे पर नहीं होने के बाद ही यूनीक आईडी खुलेगी। साथ ही ट्रेन में चलने वाले ऑन बोर्ड अफसरों के पास भी ये मशीन रहेगी। अफसर टीटीई के ड्यूटी के दौरान औचक जांच करेंगे।

इसके साथ ही मशीन में सभी टीटीई की कुंडली रहेगी। अब तक लोको पायलट की जांच ब्रेथ एनालाइजर से होती है। अगर वो रास्ते में भी ड्रिंक करेगा तो ड्यूटी से लौटने के बाद जांच में पता चल जाता है। **बायोमैट्रिक से हाजिरी :** रेलवे ने स्टेशन पर एक और नई व्यवस्था शुरू की है। रेलवे ने टीटीई लॉबी में बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन सिस्टम लागू कर मशीन लगा दी है। ड्यूटी शुरू और खत्म करते समय आधार आधारित बायोमैट्रिक साइन इन और साइन आउट सिस्टम शुरू हो गया है।

यात्रियों की शिकायत आती थी कि टीटीई नशे में है



रायपुर रेल मंडल में करीब 240 टीटीई हैं। सभी अलग-अलग ट्रेनों में ड्यूटी करते हैं। लेकिन अभी तक इनकी जांच नहीं हो रही थी। टिकट चेकिंग के दौरान यात्रियों की शिकायत आती थी कि टीटीई ने शराब पी रखी है। वे यात्री के साथ दुर्व्यवहार भी करते थे।

लगातार शिकायतों के बाद ही रेलवे ने यह फैसला लिया कि टीटीई ड्यूटी में जाने से पहले मशीन में अपना मोबाइल नंबर और यूनीक आईडी में दर्ज करेगा। इसके बाद थम्ब इंप्रेशन लगाएगा। फिर मशीन एक्टिव होगी। मशीन में लगा सीसीटीवी कैमरा खुद ब खुद ऑन हो जाएगा और फोटो खींच लेगा।

## पीपी मॉडल पर बनेगा नवीन मार्केट का बहुमंजिला भवन

**रायपुर, 6 सितंबर।** राजधानी के जीई रोड स्थित नवीन मार्केट में बहुमंजिला भवन नगर निगम द्वारा बनाया जाएगा। यह भवन पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत बनाया जाएगा। नगर निगम ने इसके लिए एक टैंडर भी जारी कर दिया है जिसमें इच्छुक भवन निर्माताओं एवं ठेकेदारों को ठेका की बोली लगाने का अवसर प्रदान किया जाएगा। नगर निगम के जोन क्रमांक 4 के अंतर्गत नवीन मार्केट आता है। यहां पर इसके पीछे की जमीन वक्फ बोर्ड की थी जो कि अब शासन को प्राप्त हो गई है। जो कि 72 स्क्वेयर फूट है। इसके अलावा करीब एक एकड़ से अधिक जमीन आबंटित कर दी गई है। नगर निगम जिला प्रशासन द्वारा अधिकार भी दे दिया गया है इसके पश्चात नगर निगम द्वारा अब यहां बहुमंजिला भवन बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। कार्यपालन यंत्री नगर निगम के द्वारा एक टैंडर भी जारी कर दिया गया है।

**भव्य बनेगा छह मंजिला भवन:** नगर निगम द्वारा इसके लिए रि डेव्लपमेंट प्लान बनाया गया है। इसके लिए त्रिपल ई के तहत इच्छुक भवन निर्माताओं एवं ठेकेदारों को वीड के लिए चार सितंबर बुलाया गया था। वहीं इस पर 26 सितंबर को चर्चा होगी।

# सहकारी समितियों में एग्रीस्टैक पंजीयन 10 से

**रायपुर, 6 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में अब दस सितंबर से प्राथमिक सहकारी समितियों में एग्रीटेक पंजीयन शुरू होगा। इससे कई साढ़े तीन लाख किसानों को राहत मिलेगी। ज्ञात रहे केंद्र के निर्देश पर पहले किसानों का पंजीयन कराने के लिए प्रक्रिया शुरू की गई थी लेकिन राजस्व रिकार्ड दुरुस्त नहीं होने के कारण किसान परेशान थे इसलिए किसानों ने पंजीयन नहीं कराया था।

राज्य में इस समय न्यूनतम समर्थन मूल्य पर केंद्र के निर्देश पर किसानों का पंजीयन कराया जाता है। लेकिन केंद्रीय सम्मान निधि के लिए निर्देश दिया गया था कि किसानों का पंजीयन कराया जाए जबकि कृषि विभाग और राजस्व विभाग में कोई सामंजस्य नहीं होने के कारण राजस्व रिकार्ड नहीं मिल रहा था जिसके चलते प्राथमिक समितियों में किसान धान नहीं बेच पाते क्योंकि ऋण पुस्तिका के अनुसार कुल रकबा होने के आधार पर ही धान का विक्रय किया जाता है।

### धान की राजनीति एक महत्वपूर्ण टर्निंग पाइंट

राज्य शासन द्वारा एग्रीस्टैक पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अगस्त थी लेकिन पोर्टल 25 अगस्त को बंद कर दिया गया था लेकिन 3 सितंबर को पुनः प्रांरभ कर दिया गया। इससे ऐसे किसान जो की प्रभावित थे जिनका पंजीयन नहीं हो पाया था उन्हें अब परेशानी नहीं होगी। जिन किसानों ने दो साल पहले जमीन खरीदी उन्हें कृषि योजना का लाभ नहीं लिया उसका डाटा सरकार के पास नहीं है उनका भी पंजीयन नहीं हो पाया। जो किसान वन भूमि पट्टे पर खेती करते है। जो कृषि लोन नहीं लेते और बीमा में शामिल होते हैं। इन किसानों को भी कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। छग में धान की राजनीति अब काफी प्रबल हो गई है। इसी मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी सरकार में आई थी। इसलिए किसानों को अब किसान सम्मान निधि तथा अन्य योजनाओं का लाभ दिया जाता है। समर्थन मूल्य के अलावा बोनस देने से आर्थिक स्थिति में काफी इजाफा हुआ है। सहकारी समितियों में किसानों को ऋण पुस्तिका पास बुक एवं आधार कार्ड लेकर आना होगा।

# सड़क किनारे बैठे किसान से राजधानी में मारपीट, मामला दर्ज

**रायपुर, 6 सितम्बर।** रायपुर में एक किसान के साथ मारपीट हुई है। किसान अपने पैरों का इलाज करवाने बेटे के घर आया था। उसके पैर में रॉड लगा हुआ है। वो घर के पास सड़क किनारे आराम करने के लिए बैठ गया। इसी दौरान वहां रहने वाले एक बदमाश ने जबरन गाली गलौज कर मारपीट की। इस मामले में डीडी नगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है।

रिखी राम चंद्राकार ने शिकायत में बताया कि वह कुरूद धमतरी का रहने वाला है। पेशे से किसान है। उसके पैर में रॉड लगा हुआ है जिसको निकलवाने और इलाज के लिए वह अपने बेटे के पास सत्यम विहार कॉलोनी आया था।

रास्ते में उसे थकावट लगी तो उसे सड़क किनारे बैठ गया। तभी वहां रहने वाले सोहन मानिकपुरी ने उसके साथ यहां क्यों बैठे हो बोलकर गाली-गलौज शुरू कर दी। फिर अश्लील गाली गलौज देने लगा।

### मुक्का और लात से की मारपीट

फिर आरोपी सोहन ने मारपीट शुरू कर दी। उसने मुक्के और लात से मारते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस घटना में पीड़ित की आंख और पीठ से खून निकलने लगा। इस मामले में पुलिस आगे की जांच कर रही है।

**बप्पा को विदाई** — **रायपुर में आज से गणेश-विसर्जन...सोमवार रात 8-बजे से कई मार्ग रहेंगे बंद, ड्रोन से होगी निगरानी**

# श्रद्धा-भक्ति के साथ विदा किए जा रहे गजानन

- शास्त्री-चौक से कोतवाली-चौक तक रूट डायवर्ट, महादेव घाट में बड़ी मूर्तियों की एंट्री

**रायपुर, 6 सितम्बर।** रायपुर पुलिस ने विशाल झांकियों और गणेश विसर्जन के लिए रूट चार्ट तैयार कर लिया है। भीड़भाड़ और अव्यवस्था से बचने के लिए निगम ने छोटी-बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए अलग-अलग तालाब और अस्थायी कुंड तैयार किए हैं। वहीं, महादेव घाट में सिर्फबड़ी मूर्तियों का विसर्जन होगा।

रायपुर निगम आयुक्त विश्वदीप ने आज से यानी 6 से 11 सितंबर तक अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी अलग-अलग शिफ्ट में लगाई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी खास सावधानी बरते गए हैं। शहर में 800 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती होगी, जिनकी निगरानी सीएसपी रैंक के अधिकारी करेंगे। विसर्जन यात्रा पर ड्रोन और कैमरों से भी नजर रखी जाएगी।


ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए पुलिस ने कई रूट डायवर्ट कर दिए हैं। आज रात 8 बजे से शास्त्री चौक, जयस्तंभ चौक, तात्यापारा चौक, शारदा चौक, मौदहापारा, मालवीय रोड, कालीबाड़ी चौक और फायर बिग्रेड चौक से कोतवाली चौक की ओर सभी तरह के वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी।





### रायपुर में 3 शिफ्ट में काम करेगी अधिकारी कर्मचारियों की टीम

रायपुर जिला प्रशासन ने अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी जोनवार 3 शिफ्ट में 8-8 घंटे निर्धारित की है। इसमें क्रेन ऑपरेटर, गोताखोर, फायर ब्रिगेड, प्राथमिक उपचार के लिए मेडिकल टीम, नगर निगम के अमले के साथ-साथ गृह विभाग, होम गार्ड, सीएमएचओ कार्यालय के कर्मचारी और अधिकारी तैनात रहेंगे। हर टीम में सदस्यों की संख्या 30-30 रहेगी। रायपुर नगर निगम की ओर से विसर्जन कुंड में बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था की गई है। 7 बड़े क्रेन कुंड के चारों ओर लगाए गए है।



### तालाबों के पास अस्थायी तालाब होंगे

गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन तालाबों में रोकने के लिए नगर निगम ने हर जोन में तालाबों के पास अस्थायी तालाब तैयार किए हैं। इसके लिए बड़े-बड़े तालाब लगाए जाएंगे, जहां श्रद्धालु प्रतिमाओं का विसर्जन कर सकेंगे। साथ ही, तालाबों में प्रतिमाओं का विसर्जन रोकने के लिए निगम की टीमें मौके पर मौजूद रहेंगी। विसर्जन व्यवस्था देख रही समिति के नोडल अधिकारी विनोद पांडे ने बताया कि शहर के सभी प्रमुख तालाबों के पास बड़े-बड़े तालाब और निगम के वाहन उपलब्ध रहेंगे। यहां से लाई गई बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन महादेव घाट स्थित मुख्य विसर्जन तालाब में किया जाएगा।

### गणेश विसर्जन के बाद वापसी का रूट

महादेव घाट विसर्जन स्थल से प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद वाहनों की वापसी महादेव घाट तिराहा से एनीकट मार्ग, भाठागांव चौक और रिंग रोड-1 से होकर होगी। शहर में भारी वाहनों को एंट्री बैन रहेगी। विसर्जन के दौरान सभी तरह के माल वाहक वाहनों को रायपुरा चौक से रोक दिया जाएगा, जिन्हें अम्लेश्वर से रायपुर की ओर आना है, वो अम्लेश्वर-कुम्हारी-टाटीबंध होकर या खुड़मुड़ा-भाठागांव होकर आ सकते हैं।

# ठेकेदार से शेयर ट्रेडिंग के बहाने 20 लाख की ठगी

**रायपुर, 6 सितम्बर।** रायपुर में ठेकेदार से शेयर ट्रेडिंग के बहाने ठगी की वारदात हो गई है। ठेकेदार को ठगों ने लिंक भेजकर ज्यादा मुनाफा का लालच दिया। फिर दो किस्त में 10-10 लाख इन्वेस्टमेंट के बहाने ट्रांसफर करवा लिए। ठेकेदार में जब मुनाफा की रकम निकालने का प्रयास किया। तब उसे ठगी का एहसास हुआ। इस मामले में डीडी नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई है।

देवेंद्र कुमार ने थाने में शिकायत दी। जिसमें बताया कि वह बाजार चौक सरोना में रहता है। 17 दिसंबर को फेसबुक के माध्यम से उसकी जान पहचान अदिति परमार नाम की महिला से हुई। उसने शेयर में इन्वेस्ट कर ज्यादा प्रॉफिट कमाने का लालच दिया। फिर उसने व्हाट्सएप नंबर पर एक लिंक सेंड किया। जिसमें क्लिक करने पर शेयर ट्रेडिंग का पेज खुल गया।




- 2 किस्तों में 20 लाख रुपए ट्रांसफर किए, मुनाफा मांगने पर हुआ खुलासा

**दो किस्तों में कराए रुपए ट्रांसफर:** ठेकेदार ने शेयर में ज्यादा मुनाफा कमाने के लालच में 10-10 लाख रुपए दो किस्तों में ट्रांसफर कर दिए। शेयर ट्रेडिंग के पेज में उसे मुनाफा दिखने लगा। जब उसने रुपए वापस निकालने की कोशिश की तो और पैसे इन्वेस्टमेंट करने को कहा गया। ठेकेदार को ठगी का एहसास हो गया। उसने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26